CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 17°C

76,617.44
23,332.35

93,720
1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 4 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



**यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं**

**मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह**

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

- **वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम**
- **समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई**

### कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

### संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसंभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है। वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।



- **तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे**

# एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

- **पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की**

# देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिगर्मन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

- **आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी**

# नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

### ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

### भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

### महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।

पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर



- **दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी**
- **आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी**

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

- **मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार**

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से गैंगरेप केस में इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में थाना क्षेत्र रानी गंज के दुर्गागंज बाजार में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप और हत्या मामले में इंस्पेक्टर रानीगंज आदित्य कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज रोहित यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने इस मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एसपी ने दुर्गागंज बाजार में मामले को लेकर हुए बवाल में बुधवार को बताया कि मामले में मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के अड़ियल रवैए से दुर्गा गंज के ग्रामीण भड़क गए थे और बवाल हो गया था,जिसमे ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह दुर्गा गंज बाजार के एक निजी अस्पताल में रात में ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय दलित युवती घी मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर सहित अस्पताल कर्मियों पर दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया था।

### नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की

**सुकमा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'काग' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। महिला माओवादियों को कथित तौर पर सामूहिक यौन हिंसा और फांसी का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अवैध हिरासत और यातना दी गई है। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं । माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

### देश अब मांग रहा है आंदोलनः सपा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा इस बिल का विरोध करती है और करती रहेग। इसके साथ ही सपा नेता ने इशारे में कहा कि सरकार समाज के कुछ लोगों को चुन-चुन कर अपमानित करने का काम कर रही है। देश अब आंदोलन मांग रहा है। सीएम योगी के सवाल पर शिवपाल ने कहा की सभी धर्म के कार्यक्रमों पर सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। अगर व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो गद्दी को छोड़ देना चाहिए। संविधान में लिखा है कि सभी समाज के लोगों को अपने-अपने धार्मिक त्योहार मनाने का अधिकार है और सरकारों की उनके त्योहार को मनाने की व्यवस्था देने का काम होता है।

# तीस जून तक बेच सकेंगे फसल

**लखनऊ, वार्ता**



■ **सीपीएस के तहत घर बैठे सीधे यूपी सरकार को बेच सकेंगे**

**उत्तर** प्रदेश के किसानों के लिए राहत की खबर है क्योंकि अब वे मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अपने घर बैठे सीधे सरकार को अपनी दालें और तिलहन बेच सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 जून तक चलने वाली योगी सरकार की इस पहल के तहत किसान बिचौलियों या बाजार में उतार-चढ़ाव के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित मूल्य सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है, जिससे उन्हें निर्बाध और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया प्रदान की जा सके। इस अवसर का लाभ उठाकर किसान अपनी फसलों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। पीएसएस के तहत, यूपी के विभिन्न जिलों को फसल खरीद के लिए दो प्रमुख एजेंसियों को सौंपा गया है, जिनमें नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के तीन कार्य दिवसों के भीतर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुचारू खरीद की सुविधा के लिए, पीसीएफ, पीसीयू, जेएएफईडी और यूपीएसएस के माध्यम से फसल उत्पादक जिलों में खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन 18002101222 पर संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष खरीद योजना केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से प्रक्रिया की देखरेख कर रहे हैं।

# दिल्ली विस के इतिहास में सबसे झूठा बजटः आतिशी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर दिल्ली के लोगों को मिल गयाः आप**

**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से पेश बजट के झूठ को उसकी सरकार के ही आदेश ने उजागर कर दिया है।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि पिछले दिनों भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने बार-बार कहा कि एक लाख करोड़ का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह दिल्ली विधानसभा के इतिहास में अब तक का सबसे झूठा बजट है। उन्होंने कहा कि मैंने बजट सत्र में अपने संबोधन में इसे सिलसिलेवार और तार्किक तरीके से समझाया कि दिल्ली सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये की न आय है और न तो हो सकती है। अगर टैक्स के आंकड़े देखें, तो जितने आंकड़े इस बजट में दिए गए हैं, उससे कम से कम 5,000 करोड़ रुपये कम टैक्स आएगा, 10 हजार करोड़ रुपये कम लोन मिलेगा और केंद्र सरकार ने अभी तक अपने बजट में दिल्ली सरकार के लिए एक पैसा भी नहीं रखा है। मैंने अनुमान लगाया था कि दिल्ली सरकार का बजट वास्तविक करीब 78 हजार करोड़ रुपये का है। आप नेता ने दिल्ली सरकार के कागजात का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पता है कि सरकार के पास एक लाख करोड़ तो छोड़िए, 78 हजार करोड़ रुपये का भी बजट नहीं है। दिल्ली सरकार के पास महज 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को भाजपा की दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करके सभी विभागों को आवंटित बजट में पांच फीसद राशि ज्यादा खर्च करने पर रोक लगा दी है। जिन विभागों को यह हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर मिल गया है, उन विभागों को उसे खर्च करने पर रोक लगा दी गई है।

कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति तथा भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही अपरा]न दो बजे शुरू हुई, तो आप के विधायक श्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग करने लगे। इस दौरान आप के विधायक अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो[ लिखा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से बार- बार शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन आप विधायक शांत नहीं हुए। इसके बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी , आप विधायक संजीव झा, अनिल झा, मुकेश अहलावत और जरनैल सिंह सहित आप के कई अन्य सदस्यों को मार्शल के जरिये सदन से बाहर निकलवा दिया और सदन की

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश का हमला

# नाकामियां छिपाने के लिए लाई सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है ये बिल**

**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ विधेयक लेकर आई है और भारतीय जनता पार्टी इसके जरिये ध्रुवीकरण की राजनीति कर अपने गिरते मतों को संभालना चाहती है।

श्री यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हो रही चर्चा के दौरान कहा कि नोटबंदी, किसानों की आय दुगुनी करने, गंगा सफाई, स्मार्ट सिटी, आदर्श ग्राम योजना आदि कामों में सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या नहीं बता पा रही है, वह वक्फ की संपत्तियां गिनने की तैयारी में लगी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की है और यह विधेयक भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि इसके माध्यम से सरकार मुसलमानों को भड़काना चाहती है ताकि समाज में ध्रुवीकरण हो और भाजपा के वोट में आ रही गिरावट रुके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई साथी दल भी अंदर से इस विधेयक के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतंत्र के बारे में दुनिया में एक गलत संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि मैं भी हिदू हूं, हिदू सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। श्री यादव ने इसी संदर्भ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप हमारे बहुत से धर्मग्रंथों को नहीं मानते, उपनिषदों को स्वीकार नहीं करते, फिर भी हम आपको अपनाकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रिजिजू ने कहा है कि रेलवे और रक्षा विभाग की जमीनें देश की जमीनें हैं, वह पूछना चाहते हैं कि क्या रेलवे की जमीनें बेची नहीं जा रही, रक्षा विभाग की जमीनें बेची नहीं जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वक्फ की जमीनों की बातें खूब की जा रही हैं, वक्फ की जमीनों से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश की उन जमीनों का है, जिन पर चीन ने कब्जा करके गांव बसा लिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या श्री रिजिजू बताएंगे कि चीन ने भारत की जमीनों पर कितने गांव बसा लिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के मतों में गिरावट आ रही है, उस गिरावट को संभालने के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बंटवारे के लिए लाया गया है, समा. जवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है,और मत विभाजन होने पर इसके खिलाफ वोट देगी।

### देश में भय का माहौल बना रही सरकारः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिघवी ने 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' पर सदन में चर्चा शुरु करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है। व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है। यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है। उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी। इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में चर्चा कराने के लिए यह विधेयक पेश किया। भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा ने कहा कि विदेशियों का स्वागत राष्ट्र के हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के शासन में राष्ट्रहित के इस पक्ष को अनदेखा किया गया जिससे बंगलादेश के लाखों लोग भारत में जमने में कामयाब हो गए। पश्चिम बंगाल में बंगलादेशियों के कारण हालात बहुत खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मशाला नहीं है। यह विधेयक भारत को भारतीयों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करेगा। देश में आप्रवासन के कारण जनसंख्या की समस्या बढ़ती जा रही है।

# यूजीसी के मसौदा नियम पर सुझाव दे सकते हैंः प्रधान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **राज्य सचित व चीफ प्रधान सचिव को दी गई है मसौदे की जानकारी**

**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियम सार्वजनिक कर दिया गया है और राज्य अपने सुझाव दे सकते हैं।

श्री प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुची शिवा द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में यह बात कही। श्री शिवा ने पूछा था कि क्या यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों के संबंध में राज्यों के साथ कोई परामर्श किया गया है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी के पास सुधारवादी नियम बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव जनता के लिए उपलब्ध है और प्रत्येक राज्य के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि दस से अधिक राज्यों ने अपने सुझाव दिए हैं, साथ ही राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित 52 विश्व. विद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यापक रूप से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया है और सुधारित मसौदा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया है और कोई भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**



**अमेरिकी** टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0. 99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। लेकिन, ट्रम्प के पहले भी टैरिफ को लेकर बार.बार अपने रुख में बदलाव करने की वजह से यह अनिश्चितता आज के बाद भी जारी रहने की संभावना है। निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कठोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी लेकर 76,146.28 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,064.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,680.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,024.51 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,617.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 23,158. 45 अंक के निचले जबकि 23,350. 00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

# कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर दरें तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की दरों में भारी उछाल आ सकती है। राज्य के वित्त विभाग की बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में अपर सचिव जे आर ललिता ने बताया बिक्री कर की दरों को 18-44 प्रतिशत से बढ़ाकर 21-17 प्रतिशत कर दिया गया है।

कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम 1957 के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह बढ़ोतरी ईंधन करों पर तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वृद्धि किन विशेष उत्पादों को प्रभावित करेगी। गौरतलब है की यह परिवर्तन पूर्व में जून 2024 के संशोधित आद. ेश का ही हिस्सा है। यह बढ़ोतरी राज्यभर में आवागमन के साधनों की कीमतों को प्रभावित करेगी जिससे जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भी वृद्धि होने की आंशका जताई गई है। इससे वाणिज्यिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रमख ईंधन डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण माल ढलाई की कीमतों में उछाल के साथ-साथ मुद्रास्फीती पर भी गहरा असर पड़ सकता है। इससे पेट्रोल की दरों में बढ़ोतरी के कारण रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



**विदेशी** बाजार में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 83 रिंगिट उबलकर 4845 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-11 सेंट की तेजी के साथ 47-55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्रं गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18681 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 15201 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....**

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।

**हाईवे पर...**

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

### सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कूरियर के जरिये करते थे ड्रग्स की सप्लाई, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की विभिन्न पुलिस टीमों ने एक महीने तक नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए ड्रग्स के विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक नाइजीरियाई नागरिक और दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से ६२ किलोग्राम गांजा, ५७.१६ ग्राम एम्फेटामाइन और २८५ ग्राम स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अंधा मुगल गुलाबी बाग निवासी विकास कुमार, मंजय कुमार, वजीरपुर निवासी कुशिंद्र कुमार, फतेहपुर बेरी निवासी राजकुमार, नाईजीरियाई चुकु अंबेका, सिविल लाइंस निवासी किरण उर्फ बोनी, अंधा मुगल प्रताप नगर निवासी संगीता ए चांगू पुत्री मुकेश निवासी के रूप में हुई है।

उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, स्पेशल स्टाफ इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत व उनकी टीम को ३ मार्च को आइएसबीटी के पास गांजा आपूर्ति की सूचना मिली थी। टीम ने सिविल लाइंस इलाके में एक घर पर छापेमारी करते हुए तीन तस्करों विकास, मंजय और कुशिंद्र को दो किलो गांजा के साथ पकड़ा। इसके बाद, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आगे की जांच से अंधा मुगल स्थित विकास और मंजय के किराए के कमरे से १२ किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ से पता चला कि उन्हें एक कूरियर सर्विस से डिलिवरी मिल रही थी। कुछ पार्सल अभी भी आ रहे थे।

एक आरोपित के मोबाइल नंबर पर डिलीवरी होनी थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए कूरियर सर्विस के ऑफिस से ३७ किलोग्राम गांजा से भरे २ बक्से बरामद किए गए। आरोपित कुशिन्द्र पर पहले से पटियाला में एक मामला दर्ज है। इसी कड़ी में २७ मार्च को स्पेशल स्टाफ को फिर से आइएसबीटी के पास गांजा सप्लाई की सूचना मिली। टीम ने जाल बिछाते हुए फतेहपुर बेरी निवासी राजकुमार को १० किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले भी ड्रग्स आपूर्ति में यूपी और दिल्ली में गिरफ्तार हो चुका है। एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज जगबीर और उनकी टीम ने ४ मार्च ५ को अरुणा नगर, मजनू का टीला में छापेमारी के दौरान किरण उर्फ बोनी नामक ड्रग आपूर्तिकर्ता को १२१.६१ ग्राम हेरोइन और अवैध काम से अर्जित २.३० लाख नकदी के साथ गिरफ्तार किया।

आरोपित किरण पहले भी एनडीपीएस मामले में वांछित रही है। इसी तरह चौथा ऑपरेशन २५ और २६ मार्च की रात को तिमारपुर में हुआ। जहां अफ्रीकी मूल के एक विदेशी नागरिक को पकड़ा जो कि मुखर्जी नगर इलाके में छात्रों को ड्रग्स आपूर्ति करता था। इसके आधार पर तारा चौक, धीरपुर के पास जाल बिछाते हुए चुकु अंबेका नाइजीरिया निवासी को पकड़ा गया। इसके पास से स्कूटी बरामद की। इसके अलावा ५७.१६ ग्राम एम्फैटेमिन बरामद की गई। एंटी आटो थेफ्ट स्क्वाड इंस्पेक्टर ईश्वर व उनकी टीम को भी अंधा मुगल इलाके में ड्रग्स की आपूर्ति की जानकारी मिलने पर छापेमारी करते हुए संगीता नामक महिला को १६४.०५ ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि संगीता आदतन अपराधी थी और पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो और एक्साइज एक्ट के तहत चार मामलों में गिरफ्तार हो चुकी है।

## एम्स के वरिष्ठ डॉक्टर पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स के एक वरिष्ठ डॉक्टर पर महिला सहयोगी के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगा है। वारदात हरियाणा के बल्लभगढ़ स्थित एम्स के पीएचसी में हुई है। पीड़ित महिला डॉक्टर ने शिकायत हौजखास थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर बल्लभगढ़ के आदर्श नगर थाना को भेज दी है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता एम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में जूनियर डॉक्टर हैं। २९ मार्च की रात उनकी ड्यूटी एम्स के बल्लभगढ़ स्थित पीएचसी में लगी थी। इसी सेंटर पर आरोपी डॉक्टर की ड्यूटी कम्यूनिटी मेडिसिन के सीनियर डॉक्टर की थी। महिला ने आरोप लगाया है कि रात करीब दो बजे सीनियर डाक्टर ने उन्हें रोका। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उनको थप्पड़ मारा। आरोप है कि सीनियर डॉक्टर ने पीघड़िता के साथ अश्लीलता भी की। हंगामा होने पर अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। दिल्ली पुलिस ने घटनाक्रम बल्लभगढ़ का होने की वजह से मारपीट, अश्लील हरकत करने और रास्ता रोकने की धाराओं में जीरो एफआइआर दर्ज कर बल्लभगढ़ के आदर्श नगर थाने में भेज दी है।

## दुकान से आठ लाख रुपये की चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की जेल बेल सेल की टीम ने दुकान से आठ लाख रुपये की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल,अपराध में इस्तेमाल की गई एक कार और घर में सेंध लगाने के उपकरण बरामद किए हैं। दोनों आरोपी पहले भी चोरी, झपटमारी, स्नेचिंग और डकैती के २ दर्जन मामलों में शामिल रहे हैं।पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बारह मामलों को सुलझा लिया है।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि २१ मार्च की मध्य रात्रि को ककरौला में एक दुकान से आठ लाख रुपए की नकदी चोरी की सूचना. द्वारका उत्तर थाने के माध्यम से दी गई। लगभग १०० सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और अपराध में इस्तेमाल की गई एक टैक्सी की पहचान की गई, जिससे चोरों की पहचान हुई।

इसके बाद एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर मनीष यादव के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अशोक कुमार (३९) को २८ मार्च को इफको चोक गुरुग्राम (एचआर) से गिरफ्तार कर उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई एक कार और घर में सेंध लगाने के उपकरण बरामद किए गए। उसके बाद ३० मार्च को सह-आरोपी मनोज कुमार (३४)को भी बहादुरगढ़ (एचआर) से गिरफ्तार कर चार मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि, उनके परिवारों की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण, वे बुरी आदतों और अपराधों में लिप्त हो गए थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी दो दर्जन से अधिक चोरी, डकैती, झपटमारी और डकैती के मामलों में शामिल रहे है।

## एक नजर

### परिमैच के नए गेम में सुनील नरेन का धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रांड एंबेसडर को यूजर के सफर का हिस्सा बनाना आज के समय में एक दमदार तरीका बन चुका है, जिससे ब्रांड और लोगों के बीच गहरा जुड़ाव बनता है। चाहे स्पोर्ट्स सिमुलेशन हो या फिर लाइफस्टाइल ऐप, किसी जाने-माने चेहरे को शामिल करने से न सिर्फ ब्रांड की पहचान मजबूत होती है, बल्कि यूजर्स की दिलचस्पी भी बढ़ती है। आईगेमिंग की दुनिया में यह तरीका खासतौर पर प्रतिष्ठित एथलीट्स पर केंद्रित होता है, जिनका असर खेल के मैदान के बाहर भी दिखता है। परिमैच, जो दुनिया का नंबर १ गेमिंग प्लेटफॉर्म है, इस सोच को हकीकत में बदलने का काम करता है। क्रिकेट स्टार निकोलस पूरन और मिस्ट्री बॉलर सुनील नरेन जैसे स्पोर्ट्स लीजेंड्स के साथ साझेदारी करके, परिमैच न सिर्फ अपनी ब्रांड पहचान को मजबूत कर रहा है, बल्कि फैंस को उनके पसंदीदा एथलीट्स व खेल के और भी करीब ला रहा है।

### ईद मिलन में शामिल हुई नामचीन हस्तियाँ



**नई दिल्ली।** हमदर्द फैमिली द्वारा होटल हयात रीजेंसी में एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौहब्बत से लबरेज इस आयोजन में हमदर्द के सीईओ एवं ट्रस्टी हामिद अहमद और हमदर्द फूड ऑफ इंडिया के चीफ ट्रस्टी हम्माद अहमद ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की नामचीन हस्तियाँ, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रतिष्ठित व्यवसायी, मीडिया जगत के जाने-माने पत्रकार एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस भव्य समारोह में अतिथियों के स्वागत-सत्कार में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। हमदर्द फैमिली ने पूर्ण हृदय से सभी मेहमानों का अभिनंदन किया। यह भव्य आयोजन हमदर्द नेशनल फाउंडेशन के ओएसडी डॉ. शौकत एच. एच. मुफ्ती की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने ईद की खुशियों को साझा करते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और पारंपरिक एवं आधुनिकता के संगम से सजे इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। हमदर्द फैमिली ने अपनी परंपरा के अनुरूप प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंकको पेंशन वितरण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भारत सरकार के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) द्वारा अपनी ओर से पेंशन वितरित करने के लिए अधिकृत किया गया है। अब बैंक केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को पेंशन दे सकेगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा अधिकारी, पूर्व सांसद, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, पूर्व राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति और सिविल मंत्रालयों व विभागों (रेलवे, डाक, टेलीकॉम और रक्षा को छोड़कर) के अधिकारी शामिल हैं। पेंशनभोगी अब अपनी पेंशन सीधे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सेविंग अकाउंट में प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज चिन्मय ढोबले ने कहा, ष्हमें गर्व है कि भारत सरकार के प्रतिष्ठित सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) ने हमारे बैंक को केंद्रीय सरकारी पेंशनभोगियों को पेंशन वितरित करने के लिए अधिकृत किया है। एक सर्वव्यापी बैंक के रूप में, हम अपने ग्राहकों को हर तरह की बेहतरीन सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### जमीयत अल कुरैश का राष्ट्रीय महासचिव बनाने पर शुक्रिया अदा किया



**नई दिल्ली।** शफीक कुरैशी ने जमीयत अल कुरैश का राष्ट्रीय महासचिव बनाने पर सिराज कुरैशी का शुक्रिया अदा किया। समाज के लिए शिक्षा, हेल्थ युवाओं को रोजगार, गरीब लड़कियों की शादी कराने पर बड़े पैमाने पर कार्य करेंगे। शफीक कुरैशी पूर्वी दिल्ली दिलशाद कालोनी में हमारे संवाददाता की एक खघस मुलाकात में शफीक कुरैशी राष्ट्रीय महासचिव आल इंडिया जमीयत अल कुरैश ने बताया कि में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज कुरैशी साहब का शुक्रिया करता हूं जिन्होंने ने मेरे कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि सिराज साहब के कसौटी पर खरा उतरी अपने आप को भाग्यवान समझूंगा। शफीक कुरैशी ने बताया कि मेरा जन्म उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के कस्बा जलाली में हुआ था। अलीगढ़ से दसवीं पास कर १९८८ में दिल्ली आ गए थे। बाकी की शिक्षा प्राइवेट स्कूल से प्राप्त की । दिल्ली में आनकर अंतर्राष्ट्रीय फल व्यापार कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें माध्यम से देश विदेश से फल का व्यापार किया।शफीक कुरैशी ने बताया कि १९९२ में हाफिज उस्मान का चुनाव लड़ाकर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। २००० से सामाजिक संस्था के माध्यम से शिक्षा पर काम किया ।

### पिता के स्पर्म से लेकर हवा पानी हैं ऑटिज्म की वजह

**नई दिल्ली।** हवा पानी में बढ़ता भारी धातु का भार बच्चों के व्यवहार में बदलाव लाकर उन्हें ऑटिज्म का रोगी बना सकता है। इसका खुलासा एम्स के एक शोध से हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एसएसडी) एक न्यूरोडेवलपमेंटल स्थिति है। बच्चों में यह रोग होने की आशंका रहती है। इससे रोगी बच्चों के व्यवहार, संचार और सामाजिक कौशल प्रभावित हो सकते हैं। ऑटिज्म के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। मौजूदा समय में रोग के कारण का पता नहीं है। इसकी पहचान करने के लिए एम्स ने भारी धातु (हेवी मेटल) को लेकर शोध किया। इसमें पाया कि रोग होने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। भारी धातु की श्रेणी में पारा, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम, थैलियम, सीसा सहित अन्य आते हैं। वायु प्रदूषण सहित दूसरे कारणों से यह हवा पानी के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर रहा है। एम्स में बाल न्यूरोलॉजी प्रभाग की प्रमुख प्रो. डॉ. शैफाली गुलाटी ने कहा कि शोध में बच्चों में ऑटिज्म रोग होने के पीछे हैवी मेटल एक बड़ा कारण पाया गया है।



‘आप’ विधायक सदन में कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग करते हुए।

## ‘आप’ ने सदन में उठाई कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने २०२० में हुए दिल्ली दंगे में शामिल कपिल मिश्रा को मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए दबाब बढ़ा दिया है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत ‘‘आप’’ विधायकों ने सदन में भाजपा सरकार से कपिल मिश्रा का इस्तीफा लेने की मांग उठाई, इसपर स्पीकर द्वारा ‘आप’ विधायकों को मार्शलों के जरिए सदन से बाहर निकाल दिया गया।

इसके बाद ‘आप’’ विधायकों ने बैनर लेकर विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। आतिशी ने कहा कि कपिल मिश्रा को इस्तीफा देना होगा। कपिल मिश्रा का इस्तीफा ले लिया आए तो आम आदमी पार्टी के सभी विधायक सदन में खुद वापस आ जाएंगे। भाजपा कपिल मिश्रा को क्यों बचा रही है?

आतिशी ने कहा कि पूरे देश में ऐसी कोई सरकार नहीं होगी, जिसमें किसी दंगाई को मंत्री बनाया जाता है और वह भी कानून मंत्री बनाया जाता हो।

उधर, आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि मंगलवार को जिस तरह से कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि पांच साल पहले २०२० में दिल्ली में हुए दंगे में कपिल मिश्रा की प्रथम दृष्टया शामिल होने का दस्तावेज दिख रहा है। ऐसे में कपिल मिश्रा को दिल्ली पुलिस क्यों बचा रही थी?

## नकली फार्मेसी सर्टिफिकेट मामले में 45 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नकली फार्मेसी सर्टिफिकेट मामले में एसीबी ने ४५ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ३५ वो लोग शामिल हैं, जिन्होंने फर्जी तरीके से फार्मेसी में डिग्री या डिप्लोमा की डिग्री हासिल की थी।

इसके अलावा दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के रजिस्टार, दलाल व सर्टिफिकेट बनाने वाले आरोपी शामिल हैं। दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के रजिस्टार कुलदीप सिंह की नियुि पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने २०२० में की थी। जांच में पता चला है कि कुलदीप ने ५००० के करीब सर्टिफिकेट जारी किए। इसमें अधिकतर सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए हैं।

## सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बताकर की ठगी, आरोपी को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के गुलाबी बाग थाने के स्टाफ ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बनकर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से ठगी किए गए मोबाइल (लगभग १.६ लाख रुपये कीमत) , दो नकली रबर स्टैम्प ,सैन्य वर्दी, ०४ बैज, एक कलाई घड़ी और धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए गए आरोपी का कैंटीन कार्ड और एक बाइक बरामद की है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता ने गुलाबी बाग थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।उसने आरोप लगाया कि वह तीस हजारी कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रही है। २४ जुलाई २०२४ को कोर्ट से बाहर निकलते समय एक व्यक्ति उससे मिला जिसने अपना नाम सुमित सिंह (२८) बताया तथा खुद को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बताया।

उसने अपना पहचान पत्र दिखाया और भारतीय सेना के एएफटी में सीधी भर्ती के बारे में बताया तथा उसका संपर्क नंबर मांगा, जो उसने उपलब्ध करा दिया। अगले दिन सुमित सिंह ने उससे संपर्क किया तथा एएफटी में उसके लिए सरकारी वकील की नौकरी दिलाने का वादा किया। इसके बाद सुमित सिंह ने उसे और उसके परिवार को नौकरी और शादी का वादा करके धोखा दिया और लाखों रुपये हड़प लिए। इसके बाद उसकी शिकायत पर गुलाबी बाग थाने में मामला दर्ज कर एसीपी सराय रोहिल्ला नरेश खनका की देखरेख में एसएचओ गुलाबी बाग जगदीश कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर बेंकटेश कुमार (इंस्पेक्टर जांच) महिला एसआई एसआई शर्मिला यादव, हेड कांस्टेबल पवन सैनी, कांस्टेबल राकेश और संदीप कुमार की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी की मदद से बिंदापुर के इलाके से आरोपी सुमित कुमार को किराए के मकान से पकड़ लिया।

## लैक्मे फैशन वीक में छाई कल्कि केकला

**नई दिल्ली।** मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरुआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। मैक्स की उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख पल्लवी पांडे कहती हैं, मैक्स फैशन की लैक्मे फैशन वीक में शुरुआत सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं है; यह एक ब्रांड के तौर पर हमारी पहचान की एक सशक्त पुष्टि है। मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चाँदना ने कहा, ष्यह शुरुआत हमारे विकास में अगला बड़ा कदम है। जैसे ही कल्कि केकलाँ ने रनवे पर कदम रखा, दर्शकों की साँसे थम गई, उनमें आश्चर्य की लहर दौड़ गई। आत्मविश्वास, विद्रोह और सहज शैली से भरपूर एक स्टेटमेंट लुक में लिपटी कल्कि ने सिर्फ रनवे पर वॉक ही नहीं किया बल्कि यह जताया भी दिया कि यह रेनवे सिर्फ उसी के सिए बना है।

## आज वक्फ तो कल मंदिर की जमीनों पर कब्जा करेंगे : संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश किया। इससे पहले आप सांसद संजय सिंह ने विधेयक को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उनका कहना है कि आज वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर अपने दोस्तों को दे देंगे। कल मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च की जमीनों पर कब्जा कर अपने दोस्तों को दे देंगे।

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सांसद संजय सिंह ने कहा, इस देश के लोगों को सावधान हो जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी ने देश में बहुत बड़ी शुरुआत की है। आज वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर अपने दोस्तों को दे देंगे। कल मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च की जमीनों पर कब्जा कर अपने दोस्तों को दे देंगे। ये सिलसिला रुकने वाला नहीं है। और इनकी दूसरी नियत ये है कि असल मुद्दे- बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा इत्यादि से ध्यान हटाकर देश में दंगा कराने की कोशिश है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, ‘गर यह विधेयक संसद में पारित हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। हम अपने पास उपलब्ध सभी कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों का उपयोग करेंगे। जब तक प्रस्तावित संशोधन वापस नहीं लिए जाते, हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।

## दिल्ली में अगले हफ्ते से चढ़ेगा पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसमी उतार- चढ़ाव के बीच दिल्ली में राहत का दौर अब खत्म हो गया है। तापमान में इजाफा होने लगा है तो गर्मी भी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले सप्ताह तक दिन का तापमान ४० डिग्री पार कर जाने की संभावना है।

साफ आसमान और दिन भरी खिली रही तेज धूप के बीच बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से ४.३ डिग्री कम १४.९ डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से ०.५ डिग्री अधिक ३४.५ डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर ६८ से १५ प्रतिशत रहा। सर्वाधिक अधिकतम तापमान ३६.२ डिग्री की दृष्टि से रिज क्षेत्र जबकि सर्वाधिक न्यूनतम तापमान २०.६ के लिहाज से पीतमपुरा सबसे गर्म इलाके रहा। उधर दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिलहाल साफ ही चल रही है।

## डॉ. विंदेश्वर पाठक मेमोरियल सेंटर का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुलभ इंटरनेशनल ने को अपने सम्मानित संस्थापक और वैश्विक स्वच्छता आंदोलन के अग्रणी डॉ. विंदेश्वर पाठक की 82वीं जयंती के अवसर पर डॉ. विंदेश्वर पाठक मेमोरियल सेंटर की स्थापना की और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस स्मारक का उद्घाटन सुलभ ग्राम, नई दिल्ली में भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर, और बिहार सरकार के मंत्री नितीश मिश्रा द्वारा किया गया। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने डॉ. विंदेश्वर पाठक के योगदान को याद करते हुए विश्वविद्यालयों में स्वच्छता समाजशास्त्र के अध्ययन के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने सामाजिक अध्ययन में डॉ. पाठक के सिद्धांतों और दर्शन को अपनाने की वकालत की। एक अग्रणी स्वच्छाग्रही, डॉ. विंदेश्वर पाठक ने भारत के स्वच्छता तंत्र को बदल दिया और कम लागत वाले,



पर्यावरण-अनुकूल शौचालयों की शुरुआत की, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला। उनके कार्यों ने सुरक्षित और स्वच्छ स्वच्छता को मानवीय गरिमा और सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाया।

## सांप्रदायिकता से प्रेरित वक्फ संशोधन विधेयक: डॉ. सैयद कासिम


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश किया। इससे पहले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि अगर यह विधेयक संसद में पारित हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, अगर यह विधेयक संसद में पारित हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। हम अपने पास उपलब्ध सभी कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों का उपयोग करेंगे। जब तक प्रस्तावित संशोधन वापस नहीं लिए जाते, हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।वक्फ संशोधन विधेयक पर। IMPLB के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, यह विधेयक भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिकता से प्रेरित है। दुख की बात है कि जेपीसी में जो विपक्ष के सदस्य थे उनकी बात को भी माना नहीं गया। उधर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि वक्फ विधेयक के जरिए सरकार किसी धर्म के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेना-देना नहीं है।

## रामनवमी के अवसर पर संगीतमय राम कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गीत रामायण मराठी भाषा का अजय अमर संगीत काव्य है, इसके रचयिता कवि है, पुणे महाराष्ट्र के कवि श्रेष्ठ पंडित गजानन दिगंबर मादगुलकर, और संगीतकार है, स्वर्ग गंधर्व सुधीर फड़के. मूलत है यह काव्य मराठी भाषा का है, महाराष्ट्र में इसकी लोकप्रियता इतनी अधिक है की देश की अनेक भाषा में इस चमत्कृत राम कथा अनुवाद हुए हैं। लता मंगेशकर आशा भोसले पं वसंत. राव देशपांडे जैसे गायको ने इस कथा को गाया है हिंदी भाषा में इसका अनुवाद किया है, ग्वालियर के पंडित रूद्र दत्त मिश्र जी ने.. अत्यंत मधुर संगीत के



साथ इस कथा को सुनना अपने आप में एक प्रसादिक अनुभूति है.. दिनांक ६ अप्रैल रामनवमी के दिन आनंद विहार राम मंदिर में शाम ४:०० से इस राम कथा का प्रस्तुतीकरण होगा। गायक है पंडित अभय मानके एवं अमृत मानके.. मॉरीशस रामायण केंद्र सहित इस राम कथा के देश-विदेश में ४००० कार्यक्रम संपन्न हुए हैं.. आनंद विहार राम मंदिर में यह आयोजन छठवीं बार किया जा रहा है

## ऑटोमैटिक फिटनेस जांच की जगह मैनुअल तरीका अपनाया, पीयूसी जारी करने में अनियमितताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर आप सरकार कितनी गंभीर रही इसका खुलासा कैग रिपोर्ट में हुआ है। सरकार का दावा था कि परिवहन विभाग में सब कुछ ऑनलाइन और ऑटोमैटिक है। इसके बावजूद वाहनों के फिटनेस की जांच मैनुअल तरीके से होती रही। इससे परिवहन विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है । रिपोर्ट में बताया गया है कि राजधानी में प्रति वर्ष ४.१ लाख वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता होने के बावजूद केवल १२ फीसदी जांच स्वचालित फिटनेस जांच केंद्रों पर हुई। शेष जांच मैनुअल केंद्रों पर की गई, जहां केवल दृश्य निरीक्षण पर निर्भरता रही। यह निरीक्षण प्रक्रिया तकनीकी रूप से अपर्याप्त थी और निरीक्षण अधिकारी की व्यक्तिगत राय पर आधारित थी। जबकि ऑटोमैटिक फिटनेस जांच में वाहन के उत्सर्जन स्तर, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की सटीक जांच होती है। यह प्रक्रिया प्रदूषण नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि २०१४-१५ से २०१८-१९ के दौरान फिटनेस जांच के लिए बड़ी संख्या में वाहन जांच के लिए प्रस्तुत नहीं हुए। २०१८-१९ में ६४ फीसदी वाहन फिटनेस जांच से बाहर रहे। इसके बावजूद इन वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह भी पता चला है कि ऑटोमैटिक फिटनेस जांच इकाइयों की क्षमता प्रतिदिन १६७ वाहनों की जांच करने की थी, लेकिन २०२०-२१ में औसत केवल २४ वाहनों की जांच हुई। साथ ही, ६० फीसदी फिटनेस प्रमाणपत्र उन वाहनों को जारी किए गए जिनकी उत्सर्जन जांच ही नहीं की गई थी।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा ‘सुमन’**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीक्षांत समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के सभागार में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसडीजीआई) विश्वविद्यालय की वास्तुकला विभाग की निदेशक प्रोफेसर अंजलि क्वात्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने बच्चों को दीक्षांत समारोह की पोशाक में देखकर और उन्हें प्रमाण पत्र एवं रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करते हुए देखकर अभिभावक बेहद प्रसन्न हुए। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अंजलि क्वात्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह समारोह बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। समारोह में बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस यादगार अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# अमन और सुकून से बनाई गई ईद-उल-फितर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** शाही ईदगाह में ईद की नमाज पूर्ण श्रद्धा के साथ अदा की गई क्षेत्र के गणमान्य आम लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया नमाज के बाद देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई इस मौके पर पूर्व सदस्य मोहम्मद अकील सिद्दीकी ने ब च लोनी क उ सवदप व सवदप अम नगर पालिका लोनी का धन्यवाद किया और सभी क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी साथ ही लोनी के मशहूर अलशाही दरबार रेस्टोरेंट के शमीम खां, वसीम खा,व नदीम पठान ने भी सभी छेत्र वासियों को ईद की मुबारक बाद दी। अकील सिद्दीकी ने कहा कि लोनी में सदियों से गंगा जमुना तहजीब रही है हमारे यहां दिवाली और ईद का त्योहार सब मिलकर साथ मनाते हैं। हालांकि कुछ सांप्रदायिक ताकतों के चलते इस समय देश का माहौल थोड़ा तनावपूर्ण है लेकिन लोनी में इसका कोई असर देखने को नहीं मिलेगा क्योंकि यहां पर हिंदू मुस्लिम अपने धर्म को मानने के साथ-साथ दूसरे धर्म की इज्जत भी करते हैं और सभी भाईचारे के साथ रहते हैं।

# सनातन नववर्ष के अवसर पर किया कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली में सनातन सेवा संस्थान शाखा वैशाली द्वारा सनातन नव वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा विधायक साहिबाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकली गई जो वैशाली सेक्टर एक मंदिर से होते हुए सेक्टर 3 सेक्टर 4 और सेक्टर 2 के मुख्य बाजार से निकलकर सेक्टर 1 कार्यक्रम स्थल पर पहुंची इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा सपा के सांसद रामजीलाल सुमन के महान योद्धा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी का विरोध करा गया।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग वोट बैंक के खातिर क्रूर शासक औरंगजेब का गुणगान कर रहे हैं यह गलत है सभी लोगों से एक रहने की अपील की गई और कहा कि जाति से बड़ा धर्म होता है सनातन धर्म वैज्ञानिक आधार पर अपना काम करता है वह चाहता है कि पूरा विश्व खुशहाल रहे संपन्न रहे यह धर्म किसी का विरोध नहीं करता कार्यक्रम के संस्थापक अध्यक्ष एम पी पाठक और पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा मंत्री जी का स्वागत किया गया। यह संस्था चार साल से कार्यक्रम को कर रही है इसमे अशोक चौबे, राजेश ओझा, कमल श्रॉफ समेत कई पदाधिकारियों और कार्य कारिणी सदस्यों के अथक प्रयास से कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इस अवसर पर पार्षद राजकुमार भाटी रविन्द्र सैनी सुभाष शर्मा अवधेश कटियार लालबिहारी पांडेय शिव शंकर उपाध्याय राजेश तिवारी मिथलेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# वैशाली में विकास कार्यो का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली माधव पार्क में सबमर्सिबल लगाने का कार्य क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों द्वारा कराया जा रहा है। इसका शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर इस पार्क के देखरेख करने वाले मुख्य कार्यकर्ता आर के पांडे द्वारा पार्षद द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे कार्य के लिए धन्यवाद किया पार्षद द्वारा सभी सम्मानित लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटियार एस के उपाध्यक्ष संजय सिंह शिव शंकर उपाध्याय सुरेंद्र शर्मा यशपाल जग्गी विजय शर्मा भूपेंद्र अनुसूया प्रसाद विजय मलिक वीरेंद्र चौधरी मोहन दास पंकज नंदकिशोर शर्मा पूरन गुगलानी साहित लोगों ने भाग लिया।

# किसान परिवार के लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ चयन

### प्रबुद्ध लोगों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** संतपुरा निवासी किसान वीरेंद्र सिंह के बेटे लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सहित नगर के गणमान्य लोगों ने लोचन चौधरी के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया बिट्टू खंजरपुर, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,पूर्व सभासद लोकेश डोडी एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, रजनीश सभासद, योगेश गर्ग, वीरेंद्र चौधरी आदि थे।

## एक नजर

# माटीकला टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला पंचायत सभागार गौतमबुद्ध नगर में माटीकला टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय प्रजापति राजेंद्र आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शाखा अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासभा रजि0, , डॉ0 सुभाष प्रजापति, डॉ राकेश प्रजापति, व अमित बरनवाल, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतमबुद्ध नगर अनिल कर्णवाल, सहायक अनुदेशक, मनोज कुमार व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुऐ, मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को माटीकला उद्योग के विषय में लाभकारी तथा उपयोगी जानकारी दी गयी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताया, जिला महासचिव राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ द्वारा माटीकला उद्योग को करने तथा सफलता प्राप्त करने की महत्वपूर्ण जानका. रियां दी गयी, कार्यक्रम में नि:शुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क विद्युत चालित पगमिल, विद्युत चालित चाक तथा पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन का वितरण किया गया। अंत में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के सम्बोधन द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।

# राकेश टिकैत ने पतला में किया सभा को संबोधित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पंचायत पतला में बाबा गंगाराम स्वामी पर भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रसाद चढ़ाया और फिर कृष्णा पार्क पर सभा को संबोधित किया।

उन्होंने किसानों से एकजुट रहने की अपील की। सभा की अध्यक्षता पंडित रामदास शर्मा ने की संचालन राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासर्.चव योगेंद्र सिंह ने किया भारतीय किसान के जिला अध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह राम अवतार त्यागी सहित सैकड़ों किसान नेता मौजूद रहे।

# मैक्स हॉस्पिटल ने बचाई 24 वर्षीय युवक की जान

### आधी रात को जानलेवा दिल के दौरे का हुआ था शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने एक 24 वर्षीय युवक को नई जिंदगी दी, जिसे आधी रात को उसकी बहन अचानक सीने में तेज दर्द और हृदय संबंधी समस्या के कारण अस्पताल लेकर पहुंची। इस युवक के परिवार में कोरोनरी आर्टरी डिजीज (हृदय रोग) का इतिहास पहले से था, और उसने अपने पिता को भी इसी तरह की हृदय संबंधी समस्या के कारण कम उम्र में खो दिया था। जेनेटिक कारणों से उसे गंभीर दिल के दौरे का ज्यादा खतरा था, लेकिन डॉक्टरों की तत्परता ने उसकी जान बचा ली। मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली की कार्डियक टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और 'गोल्डन आवर' के भीतर आपातकालीन एंजियोप्लास्टी की, जिससे उसकी जान बच पाई। 'गोल्डन आवर' वह पहला घंटा होता है, जब दिल के दौरे के लक्षण सामने आने के तुरंत बाद चिकित्सा सहायता मिलने से जीवन बचने की संभावना अधिक होती है और भविष्य की जटिलताओं को कम किया जा सकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी ख इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर और कॉर्डिनेटर डॉ. अमित मलिक ने कहा कि, "युवाओं में हृदय रोग की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण अस्वस्थ जीवनशैली, अत्यधिक तनाव और अनुचित फिटनेस दिनचर्या है। हार्ट अटैक के शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानना बेहद आवश्यक है, जैसे ख सीने में दर्द जो बांह या जबड़े तक फैल सकता है, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना, अत्यधिक पसीना आना और उल्टी आने की इच्छा महसूस होना। हम सभी को हृदय रोग से बचाव के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, संतु. लित आहार, नियंत्रित व्यायाम, तनाव प्रबंधन, पर्याप्त नींद और धूम्रपान या अत्यधिक शराब के सेवन से बचने जैसे कदम उठाने चाहिए। ये आदतें अपनाकर हृदय रोगों का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।" यह मामला इस ओर संकेत करता है कि हार्ट अटैक केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गया है। यदि हम हृदय के प्रति जागरूक जीवनशैली अपनाएं, सही जानकारी रखें और समय पर चिकित्सा सहायता लें, तो युवाओं की अनावश्यक मृत्यु को रोका जा सकता है और एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है

# मोदी कॉलेज में सरस्वती पूजन के साथ नया सत्र प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी के नेतृत्व में सभी शिक्षकों और छात्रों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्र प्रारंभ हुआ ।सभी कक्षाओं में नए सत्र का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया प्रधानाचार्य जी ने बताया कि पहले दिन कक्षाओं में छात्रों की अपेक्षाकृत उपस्थिति कुछ कम रही। उन्होंने बताया कि छात्रों को नियमित विद्यालय आने और अनुशासन में रहने के लिए निर्देशित किया गया है । किसी भी संस्था की प्रगति के लिए उसमें अनुशासन का होना अति महत्वपूर्ण है जो छात्र नियमित विद्यालय नहीं आएंगे उनका बोर्ड पंजीकरण उनको एक नोटिस देते हुए निरस्त कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र और उनके अभिभावकों की होगी। प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब की स्थापना अति शीघ्र की जा रही है जिसमें शहर के छात्र नगण्य फीस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठा सकेंगे साथ ही साथ प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय की लगभग आधी कक्षाओं में स्मार्ट पैनल लगा दिए गए हैं जिससे विद्यालय के छात्र स्मार्ट कक्षाओं से पढ़ाई कर सकेंगे और सभी छात्र टेक्नोलॉजी से अपडेट रहें, ऐसा प्रयास विद्यालय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कक्षा में पूरी मेहनत लगन और समर्पण भाव से शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया है।

वाद में प्रतिवादी नम्बर 1 की उपस्थिति के लिये समन
आदेश 5 नियम 1 व 5 सी0पी0सी0
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ.टी.सी. मुजफ्फरनगर।**
वाद सं0 551 सन् 2018
रामादित्य कुमार भारद्वाज पुत्र श्री रामरिछ पाल सिंह निवासी म0न0 108/बी नई मण्डी मुजफ्फरनगर।
........... **वादी**
**बनाम**
1-रामप्रताप पुत्र श्री रामरिछपाल सिंह निवासी म0नं0 108/बी, नई मण्डी मुजफ्फरनगर।, 2- रामकरण पुत्र श्री रामरिछपाल सिंह निवासी म0नं0 108/बी, नई मण्डी मुजफ्फरनगर।
.........**प्रतिवादीगण**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद रामादित्यकुमार ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध बाबत डिक्लेरेशन दायर किया है। जिसमें प्रतिवादी नम्बर 1 रामप्रताप हाजिर नहीं आ रहे है। इसलिये आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर देने हेतु उपस्थित होने के लिये दिनांक 10.04.2025 को दिन के 10 बजे के लिये समन प्रेषित किया जाता है जिसमें आप नियत दिनांक 10.04.2025 को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्तागण द्वारा उपस्थित होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके और आपको सूचित किया जाता है कि अगर आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद का उत्तर नहीं देते है तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 2.4.2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
आज्ञा से
मुन्सरिम
सिविल जज (सीडी)
फास्ट ट्रैक कोर्ट, मुजफ्फरनगर।

# सुरेविन स्कूल, मोदीनगर के छात्र का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल निवाड़ी के कक्षा 8वीं स्पोर्ट्स सुपर 30 बैच के प्रतिभाशाली छात्र अर्जुन मलिक ने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) में कराटे के लिए चयनित होकर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अर्जुन की यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है, बल्कि यह सुर. विन इंटरनेशनल स्कूल के उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण और अनुशासन प्रणाली की सफलता को भी दर्शाती है। अर्जुन मलिक ने अपने कराटे कौशल को निरंतर निखारते हुए कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। उनका समर्पण, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास उन्हें इस मुकाम तक ले आया है। इस सफलता का श्रेय अर्जुन के अलावा उनके प्रशिक्षक अजय कुमार, स्कूल के खेल विभाग और उनके परिवार को भी जाता है, जिन्होंने हमेशा उन्हें प्रेरित किया और उनका मार्गदर्शन किया। अर्जुन की इस बड़ी उपलब्धि से सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों, खेल विभाग और सहपाठियों ने अर्जुन को इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रशासन का मानना है कि अर्जुन की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और उन्हें खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं खेल विभाग ने इस मौके पर कहा कि अर्जुन मलिक की यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि यदि सही मार्गदर्शन, मेहनत और समर्पण हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### करियर चयन में उचित मार्गदर्शन है अत्यन्त महत्वपूर्ण

# परमहंस फाउंडेशन ने आयोजित की मार्गदर्शन करियर काउन्सिलिंग सेमिनार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** युवाओं को करियर सम्बन्धी परामर्श देने के लिए परमहँस फाउंडेशन के तत्वावधान में श्मार्गदर्शन - करियर काउन्सिलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। संजयनगर एम-ब्लॉक स्थित परमहंस पब्लिक स्कूल में आयोजित श्मार्गदर्शन करियर काउन्सिलिंग सेमिनारश में मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित करियर सलाहकार निधि श्रीवास्तव अपने अमूल्य विचार व्यक्त किए। श्रीवास्तव ने कहा कि करियर चयन में उचित मार्गदर्शन की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उचित मार्गदशन नहीं मिलने के कारण प्रतिभावान युवा कई बार अवसर गवां देते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षार्थी के लिए करियर चयन करने में उसका शैक्षिक काल अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। साथ ही शिक्षा उपरान्त रोजगार प्राप्ति के लिए कुछ बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। प्रमुख वक्ता और कांग्रेस नेता डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षा और रोजगार किसी भी मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा मुख्यत: जीविका प्राप्ति का माध्यम होनी चाहिए जिससे कि रोजगार सुलभ हो सके। क्योंकि रोजगार से ही आर्थिक आधार सुदृढ़ हो सकता है। वर्तमान दौर में परम्परागत शिक्षा प्राप्ति से रोजगार क्षेत्र में अधिक भागदौड कहें के कहें के प्रतिस्पर्धा देखी जाती रही है। ऐसे में अपरम्परागत क्षेत्र में भी व्यापक रूप से संभावनाएं तलाशने की आवश्यकता है। डॉ. शर्मा ने करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम को और अधिक जानकारी परक बनाने पर बल दिया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन को भविष्य में और व्यापक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक नरेंद्र चौधरी ने परमहंस फाउंडेशन की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया और क्षेत्र के अनेक शिक्षकों, शिक्षाविदों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर परमहंस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अमृता चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहरा दोहराते हुए कहा कि छात्रों को सही करियर मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें सफल भविष्य के लिए तैयार करना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक शिक्षकों, शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रभाष त्यागी, विष्णु कुमार, गौरव शर्मा, राजू कुमार, सलोनी मौर्याये लेखा, अमित चौधरी, नेहा शर्मा, संजय शर्मा, अजय शर्मा, राजीव त्यागी, वंदना चौधरी, अमृता चौधरी, दयाशंकर मिश्रा, के. के. जैन आदि शिक्षकों, शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( जूनियर डिवीजन ), जनपद-गाजियाबाद**
**विविध वाद सं0 228 सन् 2022**
**( कम्प्यूटर रजि0 सं0- 344 सन् 2022 )**
**श्री भगवान अग्रवाल बनाम श्रीमति मधु रानी आदि.**
श्री भगवान अग्रवाल पुत्र स्व० श्री रामचरण अग्रवाल उम्र करीब 71 वर्ष निवासी 518 मंदिर वाली गली मुकिमपुरा ओल्ड सब्जी मण्डी मलकागंज एस0ओ0 नोर्थ दिल्ली। दिल्ली 110007. आधार सं0-6704 2520 4053.
...........वादी ।
**बनाम**
श्रीमति मधु रानी पत्नी श्री भगवान अग्रवाल उम्र करीब 71 वर्ष निवासी 518 मंदिर वाली गली मुकिमपुरा ओल्ड सब्जी मण्डी मलकागंज एस0ओ0 नोर्थ दिल्ली 110007. 1/1. कृष्ण मोहन पुत्र श्री भगवान अग्रवाल निवासी मकान नं0- 518 मंदिर वाली गली मुकिमपुर सब्जी मण्डी मलकांगज दिल्ली
.. प्रतिवादीगण ।
**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**
श्रीमानजी, श्री भगवान अग्रवाल, पुत्र स्व० श्री रामचरण अग्रवाल, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि 80,842.27/- रुपये श्री रजनीश गोयल पुत्र श्री भगवान अग्रवाल, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया, कि वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 05-04-2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 21-03-2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4ग के अनुसार धनराशि करीब 80,842. 27/- रुपये लगभग है।
**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( जू0डि0 ), गाजियाबाद।**

## नाम शुद्धिकरण

मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम त्रुटिवस उजमा अली (UZMA ALi) अंकित है जो की गलत है मेरी माता का सही नाम उजमा अली (UJMAALi) है अत: मेरी माता को उनके सही नाम उजमा अली (UJMA ALI) है से जाना व पहचाना जाए ।
**साईम अली पुत्र श्री राशिद अली निवासी छोटी मस्जिद के पास अपर कोट लोनी गाजियाबाद।**

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को दी ईद की बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कंडेरे करण समाज संगठन के महामंत्री व भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी।

### महानगर उपाध्यक्ष ने गिनाई योगी सरकार की मुख्य उपलब्धियां

# हमारी डबल इंजन की सरकार ने युवा और महिलाओ के लिए काफी कार्य किया: प्रशांत खटीक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** उत्तर प्रदेश मैं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर के बाद भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार खटीक ने योगी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कार्यकाल की सराहना की भाजपा महानगर उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार खटीक ने हमारी डबल इंजन की सरकारमे युवा और महिलाओ के लिए खूब काम किया उत्तर प्रदेश की बेटियां और सुरक्षित नहीं थे लेकिन अब सुरक्षा की पुरी गारंटी है। जनता ने 8 साल मे हमे भरपूर समर्थन दिया उत्तर प्रदेश मे भाजपा के 8 साल पुरे होने पर प्रशांत कुमार खटीक ने कहाँ पीएम मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व मे सेवा सुरक्षा और सुशासन के साल पुरे हो गए है यूपी की डबल इंजन सरकार ने सफलता पूर्वक 8 साल पूरे कर लिए है् योगी सरकार की मुख्य उपलब्धियां को बताते हुए महानगर उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार खटीक ने कहाँ भारतीय जनता पार्टी ने विना किसी भेदभाव के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है जिसके कारण इन 8 वर्षो मे उत्तम प्रदेश का काफी विकास हुआ है आज उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के रूप में जाना जाता है जिसका पूरा श्रेय हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है।



**मोदीनगर।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का मोदीनगर आगमन पर अपने आवास पर स्वागत करते भाकियू नगराध्यक्ष पवन चौधरी, समाजसेवी अरुण त्यागी, राजू प्रधान, मनोज प्रधान आदि भी मौजूद रहे।

# पिता के दोस्त ने रेता था बच्ची का गला

**सुलझ गया स्वरूप नगर में सात साल की बच्ची की हत्या का मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में सात वर्षीय बच्ची की गला रेतकर हत्या करने वाला कोई और नहीं था, बच्ची के पिता का दोस्त था। आरोपित ने हत्या केवल इसलिए कर दी कि टेलीविजन देखते समय बच्ची रिमोट से उसे परेशान कर रही थी। इसी बात से तैश में आकर को पीटा।

बेहोश होने के बाद घबराकर उसने धातु की वस्तु से बच्ची के गर्दन पर वार किया। इसके बाद बच्ची को कपड़ों में लपेटकर बिस्तर के नीचे छिपा दिया और उसके पिता का मोबाइल लेकर भाग गया। हत्या से पहले आरोपित ने बच्ची के पिता के साथ घर में बैठकर शराब पी थी। पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक टीम ने प्रथम दृष्टया यौन उत्पीड़न की आशंका से इनकार किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बिहार के दरभंगा जिले के शिसो गांव का रहने वाला है। गत ३० मार्च को स्वरूप नगर थाना क्षेत्र के मकान में सात वर्षीय बच्ची लहूलुहान हालत में मिली थी। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया था। वारदात के बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और उसके दोस्त समेत तीन लोगों से पूछताछ की। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि वारदात के दिन आरो. पित रंजीत और पीड़िता के पिता ने साथ में शराब पी। इसके बाद दोनों घर से चले गए। पीड़िता अकेली थी और अपने पिता के फोन पर गेम खेल रही थी। कुछ समय बाद रंजीत घर वापस आया और टीवी देखने लगा। जब बच्ची ने टीवी के रिमोट से उसे परेशान किया तो वह क्रोधित हो गया और उसके साथ मारपीट की। बच्ची बेहोश हो गई और उसके मुंह से खून बहने लगा। घबराकर रंजीत ने पास में पड़ी धातु की छड़ से बच्ची की गर्दन पर वार किया, जिससे काफी खून बह गया। फिर उसने उसके शरीर को कपड़ों में लपेटा, उसे बिस्तर के नीचे छिपा दिया और पिता का मोबाइल फोन लेकर मौके से भाग गया। बाद में उसके पास से फोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के माध्यम से पुलिस ने संदिग्ध के मोबाइल लोकेशन को नरेला औद्योगिक क्षेत्र में ट्रेस किया। इसके बाद रंजीत को पकड़ लिया गया। आरोपित ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अपराध स्थल को सुरक्षित रखा गया है। फोरेंसिक टीमों ने साक्ष्य एकत्र कर लिये हैं।

## मेरठ-दिल्ली रोड पर दो दिन रहेगा डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीकरी मेले में भीड़ बढ़ने पर मोदीनगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित ना हो, इसको लेकर पुलिस जिले में डायवर्जन लागू करेगी। यह डायवर्जन शुक्रवार रात आठ बजे से रविवार रात आठ बजे तक रहेगा। किसी भी भारी वाहन को मोदीनगर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

गाजियाबाद की तरफ से आ रहे भारी वाहनों को मुरादनगर गंगनहर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। यदि किसी को मेरठ जाना है तो गाजियाबाद एएलटी से हापुड़ चुंगी होते हुए एनएच-९ से जाना होगा। इसके अलावा भोजपुर की तरफ से कोई भारी वाहन मोदीनगर में नहीं आ सकेगा। मेरठ की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को मोहिउद्दीनपुर की तरफ से डायवर्ट किया जाएगा। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर दुहाई से मोदीनगर नहीं आ सकेंगे। यदि मेरठ जाना है तो दुहाई से डासना होते हुए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रवेस का इस्तेमाल करना होगा। इसको लेकर गाजियाबाद पुलिस की तरफ से हेल्पलाइन भी जारी की गई हैं।

# मेट्रो- रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के लिए पॉड होटल सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर अब यात्रियों को पॉड होटल की सुविधा मिलेगी। दिल्ली मेट्रो ने यह सुविधा शुरू कर दी है। ४०० रुपये में छह घंटे और ६०० रुपये में दिन भर के लिए यात्री पॉड होटल में ठहर सकते हैं। इस सुविधा से देशभर से दिल्ली आने वाले लोगों को लाभ होगा। वह यहां पर रुककर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं या फिर यदि एयरपोर्ट जाना है तो वह नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट लाइन पर जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि इस सुविधा से न सिर्फ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम का राजस्व का भी बढ़ेगा। वर्तमान में यह सुविधा अभी नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर शुरू की गई है।

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन के जिस क्षेत्र में यह होटल बनाया गया है उसे लीज पर दिया गया है। ३१४२ वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में इसे बनाया गया है, बीते फरवरी माह में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। मौजूदा समय इसमें ७० लोग रह सकते हैं। पूरे क्षेत्र में यह जून में तैयार होगा। तब इसमें २५० से ३०० लोगों के रहने की सुविधा हो जाएगी। इसे बुकिंग डॉट कॉम, मेकमाईट्रिप, हॉस्टलवर्ल्ड और अगोडा सहित सभी प्रमुख बुकिंग प्लेटफॉर्म पर से बुक किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि यह देश के किसी भी मेट्रो स्टेशन पर बना पहला पॉड होटल है। इसमें फ्री वाईफाई और लाउंज जैसी सुविधाओं के साथ वर्क स्टेशन भी हैं। ठहरने की सुविधा के साथ कार्य करने की जगह भी है। अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा समय पॉड होटल में औसतन रोजाना ५० से ६० लोग रह रहे हैं। लोगों को यहां पर एक मिनी थिएटर, एक पूल टेबल, एक फुटबॉल टेबल और लाउंज क्षेत्र में विभिन्न बोर्ड गेम की सुविधा भी मिलेंगी। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास है। ऐसे में पॉड होटल ऐसे लोगों के लिए है जो जिन्हें रात बिताने के लिए जगह की आवश्यकता होती है। वहीं लोग यहां पर रुककर ट्रेनों का इंतजार भी कर सकते हैं।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन ०२ अप्रैल को किया गया। डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।

मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए सुनील बंसल ने कहा कि सुधार की प्रक्रिया निरंतर होती है और देश की व्यवस्थाओं को समय अनुसार अनुकूलन के लिए सुधार होते रहते हैं। उसी प्रकार "एक राष्ट्र, एक चुनाव" भी इस प्रक्रिया का हिस्सा है और यह भारत के लोकतंत्र के लिए हितकारी साबित होगा। साथ ही इस चुनाव प्रक्रिया से देश को नेतृत्व हेतु नए चेहरे मिलेंगे। उन्होंने बार बार चुनाव कराने की प्रक्रिया को देश के विकास के लिए स्पीड ब्रेकर बताया। उन्होंने छात्रों को वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच की प्रशंसा की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव अगर एक साथ हों तो समय और संसाधन बचेंगे तथा श्एक राष्ट्र एक चुनावश २०४७ तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत करने वाला बताया। कुलपति ने कहा कि १९४७ में देश के स्वतंत्र होने से लेकर अब तक करीब ४०० चुनाव हो चुके हैं। यानी प्रत्येक वर्ष ५ चुनाव भारत में होते हैं। क्या यह देश के लिए ठीक है? चुनाव के कारण विकास एवं शासन से ध्यान हटता है और ये प्रक्रिया प्रभावित होती हैं।

इस राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में देशभर से आए ७० से अधिक प्रतिभागियों में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली विश्व. विद्यालय के आदित्य अग्रहरि और महक मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में ६११,००० की राशि एवं चल वैजयंती प्रदान की गई। हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के वैभव मल्लावत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक प्रोफेसर भारती गोरे थीं एवं संयोजक अंजुम शर्मा तथा छात्र संयोजक यशवर्धन सिंह थे।




दिल्ली विवि के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विष पर बोलते हुए सुनील बंसल।

# वक्फ संसोधन बिल पेश किए जाने का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में आज अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने रेल भवन गोल चक्कर के अलावा छह प्रमुख स्थानों पर वक्फ बोर्ड बिल के लोकसभा में पेश होने पर सुबह प्ले कार्ड लेकर स्वागत किया गया और मिठाई बांटी।

प्ले कार्ड समर्थन एवं मिठाई वितरण में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनिस अब्बासी के साथ मौजूद प्रमुख कार्यकर्ता थे नईम सैफी, फैसल मंसूरी, शबाना रहमान, इरफान सलमानी, जुल्फिकार अली, इमतियाज अहमद, मुर्शिदा खातून, खालिद चौधरी भी मौजूद थे। वीरेंद्र सचदेवा सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मिठाइयाँ बाँटकर अपनी खुशी जाहिर की। इसके साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने देश के निचले और दबे तबके के मुसलमान भाइयों बहनों को इस जनकल्याणकारी बिल के लिए बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि नए वक्फ बोर्ड बिल के सहारे दिल्ली ही नहीं देश भर के मुसलमानों की तरक्की के लिए एक नया रास्ता खुलेगा और मुस्लिम समुदाय का एक विशेष समाज जो वक्फ को अपनी हुकूमत मान बैठा था और पसमंदा मुस्लिम भाईयों को हाशिए पर रखने की साजिश कर रहा था अब उससे छुटकारा मिलेगा और वर्षों से सताए जा रहे पसमंदा मुस्लिम भाई बहनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज जो लोग वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं उनकी मानसिकता पर मुझे तरस आता है। यह बिल उन महिलाओं के लिए, उन बच्चों के लिए भी है जिनके हक को पिछले ७५ सालों से छीना गया है। अब्बासी ने कहा कि जेपीसी को मिले ९७ लाख सुझावों पर विचार करने के बाद यह बिल तैयार किया गया है। इसलिए इसका विरोध करना और इसपर राजनीति करने का प्रयास ना किया जाए।

## चिकना समूह से जुड़ा स्नैचर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात फईम उर्फ चिकना समूह से जुड़े एक सक्रिय स्नैचर को गिरफ्तार किया है जो कि हाल ही में वेलकम थाने के एक मामले में वांछित था। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि २८ मार्च को एक शिकायतकर्ता मौजपुर बाबरपुर मेट्रो से बाहर आया तो चलते समय, दो लड़के स्कूटी पर आए और उसका मोबाइल फोन छीन लिया।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब, ग्रैप-1 की पाबंदियां लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर की हवा खराब क्षेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक श्खराबश श्रेणी में पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आदेश जारी कर दिया है। तत्काल प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यान ग्रैप के चरण-१ के तहत सभी पाबंदियों को लागू कर दिया गया है। आमतौर पर ग्रैप-१ तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई २०० के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-१ लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयला और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होता है। साथ ही निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) गति. विधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाता है। इसमें ५०० वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो संबंधित के वेब पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं। ग्रैप को दिल्ली-एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण के हिसाब से बांटा गया गया है।

ग्रैप का चरण-१ उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में ꠲꠳ का स्तर २०१-३०० के बीच होता है। ग्रैप का दूसरा चरण उस परिस्थिति में प्रभावी होता है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक ३०१-४०० के बीच श्बहुत खराबश मापा जाता है। वहीं चरण-३ श्गंभीरश वायु गुणवत्ता के बीच लागू किया जाता है और जब एक्यूआई ४०१-४५० के बीच होता है।

# एमटीएनएल केबल काटकर करते थे चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के किशनगढ़ थाने के स्टाफ ने एमटीएनएल केबलों को काटकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ३५५.१ किलोग्राम चोरी की गई एमटीएनएल केबल बरामद की है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि किशनगढ़ थाने के क्षेत्र में चोरी और सेंधमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी/एसजे एन्क्लेव रणबीर सिंह की देखरेख में एसएचओ/किशनगढ़ श्री निवास के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई धर्मेंद्र, हेड कांस्टेबल परसा राम, कांस्टेबल शुभम, विक्रम और सुनील की टीम का गठन किया गया। इसी बीच १ अप्रैल को, क्षेत्र में गश्त के दौरान, एसआई जितेंद्र , हेड कांस्टेबल परशुराम के साथ अरविंदो मार्ग, बस स्टैंड आईआईटी के पास, मदर स्कूल के सामने, पहुंचे, जहां दो व्यक्ति, जिनके पास कई सफेद बोरे थे, फुटपाथ पर खड़े पाए गए और पुलिस को देखकर उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। संदेह होने पर, दोनों व्यक्तियों को कुछ दूर तक पीछा करने के बाद पकड़ लिया गया तथा उनसे उन बोरियों के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इसके अलावा, बोरियों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि उन बोरियों में केबल के कई टुकड़े थे। इसके बाद, बोरियों और दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन लाया गया और गहन पूछताछ के बाद, दोनों व्यक्तियों ने अपनी पहचान असलम (३२) और मोइनुद्दीन (३०) के रूप में बताई। निरंतर पूछताछ के दौरान, उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने दोस्तों/सहयोगियों की मदद से आईआईटी दीवार के पास एक छेद किया था और वहां से इन एमटीएनएल केबलों को काटकर चोरी कर लिया था।

केबल चोरी करने के बाद, उन्होंने केबल को कई टुकड़ों में काट दिया और उपरोक्त १२ बोरियों (बैग) में डाल दिया। अभिलेखों की जांच की गई और पाया गया कि एमटीएनएल केबल चोरी होने के संबंध में पहले भी ई-एफआईआर दर्ज की गई थी,उन्होंने आगे केबल की पहचान की और बताया कि ये वही केबल हैं।इसके बाद किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और सह-आरोपी असलम, अयूब और वारिस के बारे में खुलासा किया।



राजस्थान उत्सव-2025 के समापन अवसर परकला का प्रदर्शन कर दर्शकों और खरीददारों को अपनी ओर आकर्षित किया।

# युवाओं में क्यों बढ़ रहा फेफड़े का कैंसर एम्स के अध्ययन में तथ्य सामने आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेफड़े के कैंसर का बड़ा कारण धूम्रपान है। यही वजह है कि उम्र बढ़ने पर लोग फेफड़े के कैंसर से अधिक पीड़ित होते हैं, लेकिन अब कम उम्र के लोगों में भी फेफड़े का कैंसर बढ़ रहा है।

हैरान करने वाली बात यह है कि फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त ज्यादातर युवा ऐसे हैं, जिन्हें धूम्रपान की लत नहीं होती। एम्स के आइआरसीएच (इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर हास्पिटल) की ओर से किए गए अध्ययन में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है।

अध्ययन में पाया गया कि फेफड़े के कैंसर से पीड़ित ७९ प्रतिशत मरीज धूम्रपान नहीं करते थे। डॉक्टर ऐसे मरीजों में बीमारी का कारण प्रदूषण बता रहे हैं। एम्स का यह अध्ययन हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल क्लीनिकल लंग कैंसर में प्रकाशित हुआ है। आइ. आरसीएच के डॉक्टरों ने जनवरी २०१८ से दिसंबर २०२३ के बीच अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे फेफड़े के कैंसर के मरीजों का डाटा एकत्रित कर यह अध्ययन किया है।

इसमें २१-४४ वर्ष के १३३ मरीज शामिल किए गए। इन मरीजों की औसत उम्र ३६ वर्ष थी। इनमें ४०.६ प्रतिशत महिलाएं भी शामिल थीं। अध्ययन में पाया गया कि ७९ प्रतिशत मरीजों ने कभी धूम्रपान नहीं किया। ९.२ प्रतिशत मरीजों के परिवार में पहले से कैंसर की हिस्ट्री थी। इलाज के बाद मरीजों की औसत जीवन अवधि २६ माह रही। एडवांस स्टेज के मरीजों की जीवन अवधि साढ़े छह माह रही। यही वजह है कि लंबे समय तक उसका सेवन करने के बाद उम्र बढ़ने के साथ फेफड़े के कैंसर के रूप में परिणाम सामने आता है। इससे फेफड़े के कैंसर से पीड़ित ज्यादातर मरीज अधिक उम्र के होते हैं, लेकिन अब धूम्रपान न करने वालों में भी यह बीमारी बढ़ रही है। दुनिया भर में फेफड़े के कैंसर से पीड़ित छह प्रतिशत मरीज युवा होते हैं। भारत में युवा आबादी अधिक होने से यहां फेफड़े के कैंसर युवा मरीजों की संख्या अधिक होती है।

# राजस्थान उत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली वासियों सहित अप्रवासी राजस्थानियों के दिलों पर राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की यादें छोड़कर नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव मेले का आज समापन हो गया।

राजस्थान उत्सव में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद, (राजीविका) से संबंधित महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति और लोक कला को समेटे हुए हस्तकला निर्मित उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया गया था। उत्सव के दौरान राजस्थान के विभिन्न अंचलों की महिला आर्टिजंस ने लगभग ६० स्टॉलों पर अपनी कला का सजीव प्रदर्शन कर दर्शकों और खरीददारों को अपनी ओर आकर्षित किया। राजस्थान उत्सव में स्टॉल्स पर राजस्थान की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, कपड़े, आभूषण, जैविक उत्पाद, पारंपरिक राजस्थानी व्यंजन इत्यादि बिक्री के लिए लगाए गए, जिससे आगंतुकों को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हस्तकला का बखूबी परिचय हुआ।

रमेश कुमार ने बताया कि राजी. विका की महिलाओं द्वारा लगाए गए इन स्टॉल्स पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बेचने से न केवल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल मिला बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली। उत्सव में आने वाले लोगों ने इन हस्तनिर्मित वस्तुओं को खूब सराहा और बड़ी मात्रा में खरीदारी भी की।

# बैंक में गिरवी रखी संपत्ति की धोखाधड़ी में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू ) ने करोड़ों रुपये की निजी बैंक में गिरवी रखी संपत्ति की धोखाधड़ी से बिक्री में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि एक बैंक की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। आरोपी कंपनी ने अपने निदेशकों के माध्यम से, वर्ष २०१६ में एक बैंक से कंपनी के नाम पर ९५ करोड़ रुपये की विभिन्न क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त कीं।

कंपनी ने दरियागंज, में स्थित संपत्तियों में से एक को गिरवी रख दिया। मार्च २०१८ से मई २०१९ के दौरान, उक्त आरोपी व्यक्ति के कहने पर, इस जमीन पर कई फ्लैटों का निर्माण किया गया और निर्दोष घर खरीदारों को यह बताए बिना बेच दिया गया कि वे अतिक्रमण से मुक्त नहीं थे। इस तरह की धोखाधड़ी वाली बिक्री से १३ करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई। आरोपी ने एक सहकारी बैंक में खाता खोला और उक्त खाते से उसने अपने निजी इस्तेमाल के लिए ३.३३ करोड़ रुपये से अधिक निकाल लिए। वह नियमित रूप से अपने मोबाइल नंबर बदल रहा था और अन्य व्यक्तियों के नाम पर सिम कार्ड और मोबाइल फोन खरीद रहा था।

इसके बाद आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी निगरानी के आधार पर निजामुद्दीन (पश्चिम) के एक होटल में छापेमारी कर आरोपी मोशिन मोहम्मद (३६) को गिरफ्तार कर लिया। पीसी रिमांड के दौरान, उससे लगातार पूछताछ की गई, जिसमें उसने कंपनी के फंड की हेराफेरी की बात स्वीकार की। आगे की जांच में इस तरह के अन्य अपराधों में उसकी संलिप्तता का पता चला। पुलिस द्वारा अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता और मनी ट्रेल की जांच के लिए आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोशिन मोहम्मद मैट्रिक पास है, जो ईओडब्ल्यू के तहत दर्ज दो मामलों में शामिल रहा है, अन्य धोखाधड़ी/आपराधिक मामलों की जांच ईडी/दिल्ली द्वारा की जा रही है। वह प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक थे और उक्त कंपनी के कामकाज को देख रहे थे।

उन्होंने विभिन्न संपत्तियों को गिरवी रखकर विभिन्न बैंकों से ३०० करोड़ रुपये (लगभग) का वित्त प्राप्त किया था। जब व्यापार में मंदी आई, तो वे ऋण नहीं चुका सके और बैंकों को धोखा देने के लिए कंपनी की तरलता को निकालने के तरीके अपनाए। इसके अलावा, उनके निर्देश पर, गिरवी रखी गई संपत्ति को बेच दिया गया और धन का उपयोग उनके द्वारा अपने लाभ के लिए किया गया।

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
**(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालयः** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 **शाखा कार्यालयः** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051
website: http:// www.truhomefinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्यिों का प्रयोग करते हुए दिनांक 01 अप्रैल 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

(विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**श्रीमती रीना पत्नी श्री मोहम्मद नाजिम अख्तर**
**लायंस आई हॉस्पिटल, ई-ब्लॉक, नियर-जैन मंदिर, कवि नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002.**
**श्री मोहम्मद नाजिम अख्तर पुत्र श्री नूरुल हक**
**लायंस आई हॉस्पिटल, ई-ब्लॉक, जैन मंदिर के पास, कवि नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

**रु. 26,13,840/-(रु. छब्बीस लाख तेरह हज़ार आठ सौ चालीस मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHDLHI0000370 08-जनवरी-2025 तक**
**डिमांड नोटिस की तिथि: 14-जनवरी-2025**
**सांकेतिक कब्जे की तिथि: 01-अप्रैल-2025, एनपीए दिनांक- 05-जनवरी-2025**

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

यह सब भाग और पार्सल पर निर्मित संपत्तियों की संख्या. आवासीय खुला प्लॉट नंबर 2, खसरा नंबर 50, क्षेत्रफल 87.79 वर्ग मीटर, गायत्री एन्क्लेव, ग्राम-डासना, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उक्त सीमाऐं:- पूर्व:-22 फीट चौडी सड़क, पश्चिम:- प्लॉट नंबर 1, उत्तर:- 25 फीट चौडी सड़क, दक्षिण: - प्लॉट नं. 3

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**श्री पिंटू सिंह पुत्र श्री राम नरेश सिंह**
**मकान नंबर 336, संदीप एन्क्लेव, विजय नगर, हनुमान मंदिर के पास, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001**
**इसके अलावा: नंबर 136, संदीप एन्क्लेव, गांव-अकबरपुर, बहरामपुर, तहसील और जिला-गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201001**
**श्रीमती निगम सिन्हा पत्नी श्री पिंटू सिंह**
**मकान नंबर 336, संदीप एन्क्लेव, विजय नगर, हनुमान के पास मंदिर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001**
**इसके अलावा: ग्राम-बंगाछा, पोस्ट-तेलमर, जिला-नालंदा, बिहार-803204.**
**इसके अलावा : नंबर 136, संदीप एन्क्लेव, गांव-अकबरपुर, बहरामपुर, तहसील और जिला-गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201001**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

**रु. 3812704/-(रु. अड़तीस लाख बारह हजार सात सौ चार मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0000905 09-01-2025 तक और**
**रु. 333438/-(रु. तीन लाख तैंतीस हजार चार सौ अड़तीस मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0000908 09-01-2025 तक**
**डिमांड नोटिस की तिथि: 14-जनवरी-2025**
**सांकेतिक कब्जे की तिथि: 01-अप्रैल-2025, एनपीए दिनांक- 03-जनवरी-2025**

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

यह सब भाग और पार्सल पर निर्मित संपित्तयों की संख्या. 136, खसरा नंबर 103/1 मि में से, एरिया क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, साइट के अनुसार, अंतिम मंजिल तक उपयोग और निर्माण के अधिकार के साथ, ग्राम-अकबरपुर , बहरामपुर की आबादी, संदीप एन्क्लेव, तहसील और जिला-गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201001.

**स्थान: गाजियाबाद** **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
**दिनांक: 01.04.2025** **(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**

# महिला सफाई कर्मी के साथ गाली-गलौच करने पर हंगामा

## पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली मे दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगरपालिका में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के साथ सफाई कार्य करते समय सुपरवाईजरों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे सफाई कर्मियो मे आक्रोश उत्पन्न हो गया और उन्होने कोतवाली में पहुंचकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। पीडिता ने इस संबंध में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली मे तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिका में तैनात महिला सफाई कर्मचारी उजाला को करीब एक सप्ताह पूर्व काम से निकाल दिया गया था। बताया गया है कि अधिकारियों के कहने पर बुधवार को वह माता कालोनी में सफाई कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान सफाई सुपरवाईजर मोहित, देव, विकास, सुबोद्ध व दीपक फौजी भूदेव आदि मौके पर पहुंचे और गाली गलौच करते हुए महिला सफाई कर्मी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गए और महिला को बचाया। बताया गया है कि सफाई सुपरवाईजर ने महिला की हाजरी लगाने से मना कर दिया। पता चलने पर सफाई कर्मियों मे आक्रोश व्याप्त हो गया और वह पीड़िता के साथ कोतवाली पहुंचे और आरो. पियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी। इस के बाद सफाई कर्मियों ने नगरपालिका में भी जाकर जमकर हंगामा किया और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष राजूदीन एडवोकेट का कहना है कि इस मामले मे दोनो पक्षो के बिच समझौता करा दिया गया है और आरोपियों ने गलती मानते हुए महिला से माफी मांग ली। उन्होने कहा कि उनका प्रयास होगा भविष्य में इस प्रकार की पुनवृति न हो।



# खेत में रखवाली कर रहे किसान पर सांड ने किया हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट कस्बे के जंगल में आवारा सांडों की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। मंगलवार की रात एक आवारा सांड ने खेत में रखवाली कर रहे किसान जितेंद्र और उनके बेटे अंशु पर हमला कर दिया। दोनों की मदद के लिए आए जय भगवान, प्रवीण और जयपाल भी इस हमले में घायल हो गए।

कस्बा के लोगों का कहना है कि आवारा सांड न केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि किसानों पर भी हमला कर रहे हैं। स्थानीय निवासी शीशपाल, सत्यवीर, बलवीर फौजी, मदन, उधम, ओमप्रकाश और माठू पहलवान ने बताया कि पिछले साल भी कई लोगों की मौत सांडों की टक्कर से हुई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन शुरू करेंगे।



# साप्ताहिक मार्केट बंदी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन मार्केट आम दिनों की तरह गुलजार रहा। श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण वर्मा के नेतृत्व में सभी श्रमिक तहसील परिसर में पहुंचे जिसके चलते श्रमिकों द्वारा तहसील में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। एसडीएम मनीष कुमार यादव को दिए ज्ञापन के माध्यम से साप्ताहिक बंदी पूर्ण रूप से लागू कराने व श्रम प्रवर्तन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

साप्ताहिक बंदी की मांग को लेकर तहसील पहुंचे श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया। श्रमिकों का कहना है कि पीएम, सीएम, डिप्टी सीएम, डीएम द्वारा बंदी लागू कराए जाने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद भी श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद कुमार भदौरिया साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन अवकाश पर चले जाते हैं। ताकि उनको मार्केट में निरीक्षण को न आना पड़े। इसी वजह से बार बार बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन बागपत को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। श्रमिकों का कहना है यदि साप्ताहिक बंदी लागू नहीं की गई तो श्रमिक अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने मामले की जांच कर कर उचित कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरूरपुर कला के निकट दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर मंगलवार को देर रात किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।

22 वर्षीय नफीस पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला केतीपुरा गत मंगलवार को बडौत अपनी रिस्तेदारी में गया हुआ था। बताया गया है कि देर रात करीब 10 बजे वह बाइक से बडौत से अपने घर केतीपुरा वापस लौट रहा था। बताया गया है कि रास्ते में गांव सरूरपुर कला के निकट दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस वाहन चालक का पता लगा रही है।



मृतक नफीस का फाइल फोटो



## एक नजर

### प्रधानपति ने गौशाला के संचलक को अपरहण कर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव नैथला स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल के केयरटेकर का आरोप है कि प्रधानपति ने गौशाला में करीब 20 गौवंशो को जबरन लेने के लिए उनपर दबाव बनाया और विरोध करने पर उनके साथ गाली गलौच करते हुए उनका अपहरण कर उन्हे जान से मारने की धमकी दी। केयरटेकर/संचालक ने इस संबंध में मंडलायुक्त को भेजे ज्ञापन में अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रधानपति के विरूद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।

नैथला स्थित गौ आश्रय स्थल में कार्यरत केयरटेकर/संचालक राकेश अग्रवाल का आरोप है कि मृत व बेहोश गौवंशो को गौशाला में रखने को मना करने पर प्रधानपति ने उनके साथ गाली गलौच करते हुए उनका अपहरण कर उन्हे जान से मारने की धमकी दी। केयरटेकर का आरोप है कि गत 21 मार्च को शाम प्रधानप्रति करीब 20 गौवंशो को लेकर गौशाला पहुंचे। इनमें कई पशु बेहोश थे व कई मृत थे। उन्होने बताया कि गौशाला की क्षमता करीब 70 पशुओं की हैं जबकि यहां पर 165 गौवंश रखे गए है। उन्होने बताया कि मृत व बेहोश पशुओं को गौशाला में मना करने पर प्रधानपति ने उनके साथ अभद्रता की और गाली गलौच करते हुए उनकी दाडी खिची और उनका अपहरण कर उन्हे जाने से मारने की धमकी दी। उस समय प्रधानपति के साथ उनके दो पुत्र व अन्य दस लोग ओर थे। अग्रवाल ने बताया कि यह गौ आश्रय स्थल नव धार्मिक सेवा ट्रस्ट के माध्यम ये संचालित किया जा रहा है। संचालक कर्ता ने प्रधानपति से अपनी जान का खतरा बताया और इस संबंध में मंडलायुक्त को भेजे पत्र में प्रधानपति के विरूद्ध कार्रवाई कराने व अपनी जानमाल की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

### सड़क दुर्घटना में मौत के बाद थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची चौराहें पर एक तेज गति की बाईक ट्रेक्टर ट्राली से टकरा गयी थी जिसमे एक युवक की मौकें पर मौत हो गयी थी जबकि दो युवक घायल हो गयी थे परिजनों ने एक सप्ताह बाद थानें पहुंच तकरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

पांची चौराहे पर खड़ी एक ट्रेक्टर ट्राली से 25 मार्च को एक बाईक पर सवार तीन युवक टकरा गये थे जिसमे रसुलपुर जाहिद थाना रोहटा के प्रमेन्द्र पुत्र राजेश्वर की मौकें पर मौत हो गयी थी जबकि नीरज पुत्र कृष्णपाल व नाजिम पुत्र यामीन गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। नाजिम के पिता यामीन ने बुधवार थानें पहुंच बताया की बेटे अस्पताल में भर्ती है जहा उसकी हालत गम्भीर है जबकि प्रमेन्द्र के परिजन उसके क्रिया क्रम मे लगे थे जिस कारण मुकदमा नही लिखा पाये थे लेकिन उन्होंने थानें पहुंच तहरीर देते हुए मुकदमा कायम कराया है।

### दीक्षांत समारोह के एमबीए प्रोग्राम के गोल्ड मेडलिस्ट बने नितिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** लखनऊ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बागपत के बावली गांव निवासी नितिन कुमार जैन ने एमबीए प्रोग्राम में गोल्ड मेडल से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि से गांव में जश्न का माहौल रहा।

किराना व्यापारी सचिन कुमार जैन के छोटे भाई नितिन ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई आई एम) लखनऊ के 39 वें दीक्षांत समारोह में एमबीए प्रोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त जिस पर उन्हें स्वर्ण पदक से नवाजा गया। जिससे उनके पैतृक गांव बावली में भी जश्न का माहौल रहा। इस भव्य अवसर पर नारायण हेल्थ के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. देवी प्रसाद शेट्टी मुख्य अतिथि रहे। उनके भाई ने बताया कि वह शुरू से ही कक्षा के टॉपर रहे हैं। उन्होंने 2007 में प्रतिष्ठित ओपी जेम्स छात्रवृत्ति प्राप्त की, जो ओपी जिंदल ग्रुप द्वारा दी जाने वाली प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति है। 2009 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई में भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 9.83/10 सीजीपीए के साथ स्नातक किया। उन्होंने 2021 में बिना किसी कोचिंग के प्रथम प्रयास में ही एसएससी सीजीएल परीक्षा 99.98 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की थी। प्रबंधन शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ते हुए, उन्होंने जीएमएटी परीक्षा में 750 स्कोर अर्जित किया,जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जाती है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की लैटर पैड पर दिनाक 22.11.2024 को पत्रांक सं.1057/24 लिखा गया था, उपरोक्त लैटर पैड में पक्ष द्वारा तथ्यो को छुपाते हुये गलत तथ्य बताये थे। अत: उपरोक्त पत्रांक सं. 1057/24 मे त्रुटि होने के कारण दिनांक 22.11.2024 से ही निरस्त समसा जाये।

(कविता)
प्रधान
ग्राम पंचायत किशनपुर
वि.खं. बड़ौत (बागपत)

# अवैध रूप से चल रही 14 ई-रिक्सा सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिना पंजीकरण के अवैध रूप से सड़को पर दौड रही ई-रिक्शाओं व ऑटो के खिलाफ यातायात पुलिस एवं आरटीओ विभाग ने बुधवार को एक संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से सड़को पर दौड रही 14 ई-रिक्साओं को सीज किया गया। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रेल तक चलाया जायेगा।

एसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं और ऑटो के विरूद्ध अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान यदि बिना पंजीकरण के ई-रिक्शा चलती मिली अथवा कोई नाबालिग ई-रिक्शा चलाता हुआ मिला तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को दूसरे दिन यातायात विभाग व आरटीओ विभाग ने संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया। इस संबंध में टीआई ने बताया कि बुधवार को अभियान के दौरान अवैध रूप से चल रही एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शाओं को सीज किया गया। चैकिंग के दौरान अब तक लगभग तीन दर्जन ई-रिक्शाए सीज की जा चुकी है। इस दौरान उन्होने बताया कि अभियान के दौरान कई रिक्शाओं का चालान भी किया गया है। यह अभियान 30 अप्रेल तक जारी रहेगा। टीआई ने बताया कि इस दौरान सड़क किनारे खडे ई-रिक्शा चालको के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



# गन्ने के खेत में बिजली की चिंगारी गिरने से आठ बीघा फसल जली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम्ब गांव निवासी सुधीर किसान के गन्ने के खेत मे बिजली के तारो की चिंगारी से आग लगने पर लगभग आठ बीगाह फसल बिजली की जिंगारी खेत मे गिरने से जल गई जिसके चलते किसान को काफी नुकसान हो गया।

इस दौरान किसान सुधीर के अनुसार लगभग 2 बजे बुधवार दोपहर के आसपास आग लगने से गन्ने की फसल जल गई। किसान ने बताया कि खेत के समीप विद्युत विभाग के बिजली के पोल के तारो से अचानक दो बजे के आसपास चिंगारी जलने लगी जिसके चलते व जिंगारी अचानक से खेत मे गिर गई जैसे ही वह गन्ने की फसल में गिरी तो गन्ने की फसल ने आग पकड ली और देखते ही देखते आग काफी दूर तक खेत मे फैल गई। किसान ने बताया कि आग को बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग को फैलने से रोकने मे काफी देर तक बडी मशक्कत कि गई जब जाकर आग पर काबू पाया गया। उसी दौरान एक किसान का मोबा. इल भी आग मे जलकर राख हो गया। किसान के मुबाईल कि किमत लगभग चालीस हजार रुपए की बताई है जो आग मे जलकर खाक हो गया। गनीमत रही के जान की कोई हानि नही हुई। किसान सुधीर ने छपरौली थाना पहुंच कर शिकायत पत्र देने की बात कही इसी दौरान उन्होंने विधुत विभाग के अधिकारियो को भी शिकायत पत्र देकर मुआवजे की मांग करते हुए शिकायत पत्र देने की भी बात कही। जानकारी के अनुसार गन्ने की फसल मे आग लगने से किसान को काफी मात्रा मे नुकसान हुआ है। गन्ने की फसल मे आग लगने की गांव वालो को सुचना मिलने पर ग्रामीण भी भारी संख्या पे वहा पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया। जब इस विषय मे छपरौली विद्युत विभाग के एसडीओ से बात कि तो उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसी कोई सुचना नही आई है यदि ऐसा कोई मामला है तो शिकायत पत्र मिलने पर किसान को मुआवजा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।



# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व ड्रग्स वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं ड्रग्स वेयरहाउस, दाहा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने सीएचसी में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, स्टाफ की उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ड्रग्स वेयरहाउस, दाहा का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मेडिकल सप्लाई की स्थिति, दवाओं के भंडारण, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी दवाओं का उचित रखरखाव सुनिश्चित करें और जरूरतमंद मरीजों तक समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चिकित्सा अधिका. रियों को निर्देशित किया कि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में कोई लापरवाही न हो। साथ ही, सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और मरम्मत की स्थिति पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। जिला. धिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इसी प्रकार के निरीक्षण किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष सिंह ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, डिप्टी सीएमआर डा.यशवीर चिकित्सा कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# हवन पूजन कर किया नव शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के दिल्ली रोड़ पर, माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, नव शैक्षिक का शुभारंभ हवन एवं मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने पूर्ण श्रद्धा एवं समर्पण भाव से इस शुभ अवसर पर आहुति प्रदान की, जिससे समस्त छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए ज्ञान, उन्नति और मंगलमय भविष्य की कामना की गई।

विद्यालय के संस्थापक हंस कुमार जैन, अंकुर जैन, अनुज जैन, ऋषभ जैन एवं बिजेंद्र कुमार जैन ने हवन आहुति देकर सत्र की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। नए शैक्षिक सत्र की शानदार शुरुआत सुनिश्चित हुई। इस पावन अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आने वाला सत्र छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहेगा।



# मंदिरों में भजन कीर्तन कर की माता की साधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बुधवार को देवी के ज्योतिष स्वरूप कुष्मांडा वह केला देवी की आराधना की गई। मंदिरों में भजन कीर्तन कर माता की साधना की गई। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस रूप की आराधना से अंधेरे में प्रकाश का आवरण होता है।

साधकों ने विधि विधान से देवी के चौथे स्वरूप कुष्मांडा व कमला देवी साधना की। माना जाता है की माता के इस स्वरूप की आराधना नकारात्मक विचार को नष्ट कर सकारात्मक होने में सहायक होती है। जागौश गांव के मंदिर के पुजारी अनिल पांडे ने बताया कि माना जाता है कि जब दुनिया नहीं थी, तब हर ओर अंधेरा व्याप्त था।कमंडल, धनुष बाण, कमल पुष्प, अमृत कलश, चक्र एवं गदा अपनी भुजाओं में धारण किए हुए हैं और सिंह पर सवार हैं। मान्यता है कि कूष्मांडा देवी की आराधना करने से समस्त कष्टों से निवृत्ति मिलती है। इसी के साथ-साथ आज केला देवी की भी पूजा अर्चना की गई भजन कीर्तनों से मंदिरों में चहल-पहल रही नगर के रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर पंचवटी मंदिर पंचमुखी मंदिर ठाकुरद्वारा मंदिर बांके बिहारी मंदिर आदि मंदिरों में पूजन किया गया। महिला श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए महिलाओं ने मंगल कीर्तन भजन के साथ सभी को प्रसाद वितरण किया चौथा एवं पांचवा नवरात्रि पर मां कुष्मांडा केला देवी को भोग लगाया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लव कश्यप को कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक भव्य स्वागत यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के बागपत अवगमन पर स्वागत यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लव कश्यप का जगह-जगह फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत यात्रा खेकड़ा पेरीफेरल होते हुए काठा ग्राम, वंदना चौक बागपत पर माल्यार्पण कर , गौरीपुर मोड़, गुफा वाला धाम होते हुए टयौढी गांव पहुंची वहां से होते हुए बड़ौत नेहरू मूर्ती पर माल्यार्पण किया उसके बाद पुरामहादेव के दर्शन कर स्वागत यात्रा का समापन्न हुआ। वही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की एक प्रेस वार्ता का आयोजन मेरठ रोड स्थित हीना गार्डन में आयोजित हुई। इस दौरान लव कश्यप ने उनको जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया। कश्यप ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हे दी है उस जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से निभाएंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद, शहर अध्यक्ष रामहरी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल आउटरिच सरफराज अहमद, शान खान, संदीप शर्मा, पं.अभी शर्मा, अनन्त कुमार भारद्वाज, अशोक चौहान, रामलाल, पंकज कश्यप व राज. कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र देव शर्मा उर्फ दीपक व उसकी पत्नी पूनम उर्फ कोमल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शिव कुमार पुत्र मुंशी राम निवासी ग्राम ढिकौली थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

**भूलसुधार सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत गुराना विकासखंड बड़ौत जनपद बागपत की एक निविदा सूचना शाह टाइम्स समाचार पत्र के 29 मार्च 2025 के अंक में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा सूचना में क्रम संख्या 9 की स्वीकृत लागत भूलवश 1 लाख प्रकाशित हो गई है। जबकि इसकी सही स्वीकृत लागत 3 लाख 50 हजार है। इसी प्रकार क्रम संख्या 10 की स्वीकृत लागत 3 लाख 50 हजार प्रकाशित हो गई है जबकि उसकी सही स्वीकृत लागत 75 हजार है। इसी प्रकार क्रम संख्या 15 पर कार्य का विवराण में गाजे के घर के पास हैंडपम्प रिबोर के स्थान पर राजवीर दहिया के घर के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य पढ़ा जाए बाकी सभी यथावत रहेगा।

व्यवस्थापक टाइम्स बागपत।

# नोएडा प्राधिकरण का चला बुलडोजर

■ आठ करोड़ के अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। बुधवार को सेक्टर-46 और 99 के सदर सराय इलाके में बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 450 वर्ग मीटर भूमि से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया, जिसकी बाजार में कीमत करीब 8 करोड़ रुपये आंकी गई है।

यह भूमि नोएडा मास्टर प्लान 2031 के तहत नियोजित क्षेत्र में आती है। इसे किसी भी तरह के अवैध निर्माण से मुक्त रखा जाना आवश्यक है।।प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, जिस भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा था। वह पहले से ही नोएडा प्राधिकरण से अधिसूचित थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने यहां बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इस जमीन पर दीवारें खड़ी कर प्लॉटिंग की जा रही थी और यहां तक कि पक्के कमरे भी बना दिए गए थे।कुछ निर्माण पूरे हो चुके थे और कुछ निर्माणाधीन थे। जब प्राधिकरण को अवैध निर्माण की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई का निर्णय लिया।बुधवार दोपहर जेसीबी के साथ प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।



**अवैध कब्जे पर की जाएगी कार्रवाई:** प्राधिकरण के अनुसार, यह अवैध निर्माण खसरा नंबर 52 और 53 पर किया गया था।मौके पर पहुंची टीम ने बिना देरी किए पूरे निर्माण को ध्वस्त कर दिया।इस कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि वे दोबारा इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) ने इलाके का निरीक्षण किया था और अवैध निर्माण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।उन्होंने इस लापरवाही के लिए जूनियर इंजीनियर की सेवा समाप्त कर दी और दो सर्किल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## वाहन की टक्कर से घरेलू सहायिका घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में सड़क पार कर रही एक घरेलू सहायिका को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवती को गंभीर चोट आई है। अस्पताल में युवती का इलाज चल रहा है। इस मामले में युवती के भाई ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर तीन में रहने वाले अरविंद ने शिकायत में बताया कि उसकी बहन विनीता घरेलू सहायिका का काम करती है। वह स्टेलर जीवन सोसाइटी के फ्लैट में काम कर घर लौट रही थी। सड़क पार करते समय उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। विनीता के सिर में गंभीर चोट लगी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# ग्राम बरौला में प्राधिकरण की भूमि पर अवैध निर्माण, दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रहे दो लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर-49 में प्राधिकरण के एक अवर अभियंता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि नोएडा विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता प्रदीप कुमार ने ने राधे चौहान तथा देवेंद्र चौहान नाम शख्स को नामित करते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि अवर अभियंता का आरोप है कि उक्त लोग ग्राम बरौला में स्थित नोएडा प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं।




पीड़ित के अनुसार कई बार नोएडा प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्य को रुकवा दिया। इसके बावजूद आरोपी देर सवेर कार्य को जारी रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार अवैध निर्माण से नोएडा का सुनियोजित विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।

# सैलरी मांगी तो भड़की मालकिन

■ सहेली के साथ घरेलू सहायिका को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में एक घरेलू सहायिका ने अपनी मालकिन और उसकी सहेली पर उससे मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईकोटेक-3 के थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि घरेलू सहायिका रजनी ने मंगलवार रात को इस संबंध में मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता का आरोप है कि उसने ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सोसाइटी में रहने वाली महिला के घर पर एक महीने तक काम किया, लेकिन जब उसने अपना 15 हजार रुपये का मेहनताना मांगा तो चेतना आनंद नामक महिला और उसकी सहेली डिंपल बजाज ने उससे मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के अनुसार, उसने 22 फरवरी से 22 मार्च तक आरोपी महिला के घर पर काम किया। वह 31 मार्च को अपना वेतन लेने के लिए चेतना आनंद की सोसाइटी में गई थी, लेकिन चेतना ने उसे गाली देना शुरू कर दिया और अपनी सहेली डिंपल बजाज के साथ मिलकर उससे मारपीट की। उन्होंने बताया कि पीड़िता के अनुसार सुरक्षा गार्ड और महिला सुरक्षा गार्ड ने उसे दोनों महिलाओं से बचाया। घटना की रिपोर्ट दर्ज का पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन करते समय वेबसाइट हो रही क्रैश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लिफ्ट रजिस्ट्रेशन करने के लिए काफी लोग आवेदन कर रहे हैं, लेकिन वेबसाइट के ठीक काम न करने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और दस्तावेज जमा करने में वेबसाइट बार-बार क्रैश हो रही है, जिससे बिल्डर प्रबंधन और अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को परेशानी हो रही है। वहीं, विभाग की वेबसाइट ठीक तरीके से काम नहीं कर रही है। जनपद में लिफ्ट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक अप्रैल से जिला प्रशासन ने लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन न करने वाली सोसाइटियों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है, जिसको देखते हुए लोग ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं।



लिफ्ट रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं, सोसाइटी के बिल्डर प्रबंधन और एओए के पदाधिकारियों को लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन करने में को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन करते समय वेबसाइट द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते एक आवेदन करने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है। गैलेक्सी वेगा सोसाइटी के अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सारस्वत ने बताया कि 30 मार्च से उन्होंने लिफ्ट के रजिस्ट्रेशन के लिए प्रयास कर रहे थे। 31 मार्च को उन्होंने लिफ्ट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करके फीस को जमा किया, लेकिन एक मार्च तक फार्म जमा नहीं हुआ।

इस दौरान बार-बार वेबसाइट का क्रैश हो रही थी, ऐसे में उनके खाते से पैसे कटने के बाद भी रजिस्ट्रेशन ना होने पर उन्हें चिंता सताने लगी, जिसके बाद 2 अप्रैल को उन्होंने दोबारा से प्रक्रिया को शुरू किया, तब जाकर रजिस्ट्रेशन हुआ। साथ ही, वेबसाइट काफी धीमी चल रही है। वेबसाइट पर डॉक्यूमेंट अपलोड करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**रात को बैठकर करना पड़ा रजिस्ट्रेशन:** ग्रीन आर्च सोसाइटी के एओए अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि उनके द्वारा सोसाइटी की सभी लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन 30 मार्च को कर दिया गया, जिससे करने में उन्हें काफी अधिक परेशानी हुई। विभाग द्वारा बनाई गई वेबसाइट काफी धीमी चल रही है। रजिस्ट्रेशन करते वक्त वेबसाइट बार-बार क्रैश हो जाती है। साथ ही, पेमेंट जमा करने पर वह अटक जाती है। वहीं, उनके सोसाइटी में लिफ्ट भी काफी अधिक है, जिसके कारण उन्हें लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन करने में 4 से 5 दिन का समय लगा। उन्होंने बताया कि दिन के समय जब लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन किया जाता तो वेबसाइट एकदम बंद या काम करना बंद कर देती। ऐसे में देर रात को बैठकर सभी लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन कराया गया।

## एक नजर

### टीवी में शॉट सर्किट से मकान में आग लगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-15 स्थित नया बांस गांव के एक मकान में बुधवार दोपहर आग लग गई। आग कमरे में रखे टीवी में लगी। इसकी वजह शॉट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-15 स्थित नया बांस गांव में एक परिवार किराए के मकान में रहता है। दोपहर में परिवार टीवी देख रहा था। इस दौरान अचानक शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। तेजी से धुंआ बढ़ा और कमरे में भरने लगा। इस दौरान कमरे से सभी लोग बाहर सड़क पर आ गए। दमकल विभाग को सूचना दी गई। जिस कमरे में आग लगी वो काफी संकरी गली में था। ऐसे में मुख्य सड़क पर दमकल की गाड़ी को खड़ा किया गया और अंदर पाइप पहुंचाकर आग को बुझाया गया। आग से कमरे रखा सामान धुएं से काला पड़ गया।

### कंटेनर से कुचलकर युवक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर पी-3 गोल चक्कर के समीप मंगलवार की शाम बेकाबू कंटेनर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर कंटेनर को कब्जे में लिया है। पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुलंदशहर के ककोड़ का रहने वाला 28 वर्षीय समीर मंगलवार को किसी काम से ग्रेटर नोएडा आया था। वह शाम को ग्रेटर नोएडा से वापस बुलंदशहर की तरफ जा रहा था। सेक्टर पी-3 गोल चक्कर के समीप एक बेकाबू कंटेनर ने समीर की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल समीर को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ों की छंटाई करने पर 30 हजार का जुर्माना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** वन विभाग ने अर्जुन के पेड़ों की गहरी छंटाई करने पर नोएडा के सेक्टर-151 के बिल्डर पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। वन विभाग ने एक संगठन की शिकायत का संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की। दादरी के क्षेत्रीय वन अधिकारी के मुताबिक करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने एक बिल्डर द्वारा पेड़ों की छंटाई करने की शिकायत की थी। संगठन ने बताया था कि लगभग दो महीने पहले एक बिल्डर ने अपने प्रोजेक्ट के सामने ग्रीन बेल्ट में लगे अर्जुन के पेड़ों की गहरी छंटाई कर दी। इस कारण पेड़ों के नष्ट होने की संभावना थी। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया था। वन विभाग द्वारा इसकी जांच करवाई गई थी। वन विभाग की जांच में पेड़ों की छंटाई की पुष्टि हुई थी। अब इस मामले में वन विभाग ने बिल्डर पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

### एबीवीपी ने नशा मुक्त अभियान के लेकर किया नुक्कड़ नाटक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा "नशा मुक्त अभियान ख्र जीवन कल्प अभियान" के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया, जिसके तहत बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जीएनआईओटी कॉलेज चौराहा, एनआईईटी कॉलेज चौराहा, शारदा विश्वविद्यालय, आईआईएमटी कॉलेज और पेंट्रा चौराहा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इन नाटकों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार व समाज को भी प्रभावित करता है। अभियान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। एबीवीपी ग्रेटर नोएडा के मीडिया संयोजक अभिनव गौड़ ने कहा कि इस दौरान सभी को नशा छोड़ने और इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई।

# स्टंटबाजी करने वाले दो युवक गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक पिंक आटो में स्टंट कर रहे दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दोनों युवक अर्द्धनग्न अवस्था में थे। एक आटो से बाहर लटका हुआ था तो दूसरा छत पर बैठा हुआ था। इसके साथ ही एक दूसरी घटना में नोएडा थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाले एक युवक अपनी थार गाड़ी पर पुलिस कलर लाइट लगाकर सोसाइटी में अपना रौब जमाने के लिए घूम रहा था, जिसका भी वीडियो वायरल हो गया। इन दोनों को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक पिंक ऑटो में दो युवक अर्धनग्न अवस्था में स्टंट कर रहे थे। उसी समय पीछे कार में जा रहे किसी व्यक्ति ने ऑटो में स्टंट करने की वीडियो बना ली और सोशल मीडिया पर अपलोड कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि वीडियो नोएडा के सेक्टर 94 के पास का है। पिंक ऑटो की रफ्तार भी काफी तेज थी। एक युवक ऑटो की छत लेटकर डांस कर रहा था। जो कई बार गिरने से बचा। जबकि दूसरा ऑटो से बाहर निकल कर बिना शर्ट के डांस कर रहा था। वहीं वीडियो का संज्ञान लेकर यातायात पुलिस ऑटो सहित एक आरोपी को तहकीकात के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

स्टंट कर रहे आरोपी व्यक्ति की पहचान प्रदीप पुत्र वीर सिंह, जिसकी उम्र 19 वर्ष है जो निवासी ग्राम रजपुरा तुमरिया घाट, थाना रजपुरा जिला सम्भल का है और वर्तमान में किराये का मकान ग्राम नवादा थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। आरा. पी को गिरफ्तार कर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य शेष आरोपीगण की तलाश जारी है।

**थार में पुलिस कलर लाइट लगाकर रौब जमाने वाला धरा:** दूसरी घटना में थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत दिव्यांशु आनन्द पुत्र पवन आनन्द, निवासी के0 502 ट्राइडेन्ट एम्बेसी अपार्टमेन्ट सैक्टर 01 थाना बिसरख गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला है। जिसकी उम्र 24 वर्ष है वो अपनी कार (थार) रजि0न0 यूपी 16 ईडी 5791 पर पुलिस कलर लाइट लगाकर व उसे ऑन कर सोसाइटी मे गाड़ी लेकर लोगों पर रौब जमाने के लिए घूम रहा था, जिससे सोसायटी के लोगों में आक्रोश था। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जिसका संज्ञान लेते हुए अभियुक्त दिव्यांशु को थाना बिसरख पुलिस द्वारा हिरासत में लेते हुये विधिक कार्यवाही की गयी है तथा कार को एमवीएक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है।

# पांच साल से प्रस्तावित चार बिजली उकपेंद्र नहीं बनने से बढ़ेगी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विद्युत निगम द्वारा आगामी गर्मियों में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए चार नए बिजली उपकेंद्र बनाने की मांग की है। परंतु विद्युत निगम और प्राधिकरण के बीच बेहतर सामंजस्व नहीं होने की वजह से अभी तक बिजली उपकेंद्र बनते नहीं दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में आगामी गर्मियों में सेवन-एक्स सोसाइटी समेत अन्य सोसाइटी और सेक्टर में रहने वाले उपभोक्ताओं को बिजली कटौती झेलनी पड़ सकती है। विद्युत निगम ने प्राधिकरण को 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्र बनाने की मांग की है। यह चार बिजली उपकेंद्र सेक्टर-68, 75, 78 और सेक्टर-121 में बनाने की मांग की गई है। अभी इन चारों सेक्टरों में बिजली आपूर्ति क्रम से सेक्टर-67, 72, 78 और सेक्टर-122 के 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्रों से की जा रही है। अभी इन चारों बिजली उपकेंद्रों पर 92 से 96 प्रतिशत भार चल रहा है। भीषण गर्मियों में यह चारों बिजली उपकेंद्र बढ़ा हुआ लोड़ नहीं झेल पाएगे और उपभोक्ताओं को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।

ऐसे में समय रहते इन चारों सेक्टर में 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्रों की अत्यांत आवश्यकता है। विद्युत निगम ने चेताया है कि अगर समय रहते चारों सेक्टरों में बिजली उपकेंद्र नहीं बनाए गए तो आगमी गर्मियों में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति नहीं दी जा सकेगी। इन चारों सेक्टर में रहने वाले लोगों को बिजली कटौती के साथ ही विद्युत निगम की चुनौती भी बढ़ जाएगी। विद्युत निगम के अधिकारियों की अनुसार प्राधिकरण के टेंडर की रकम कम होने की वजह से बिजली उपकेंद्र बनाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। टेंडर जारी होने के बाद भी कोई एजेंसी सामने नहीं आ रही है।

**कई बार उठा चुके हैं मांग:** विद्युत निगम द्वारा सेक्टर-68, 75, 78 और सेक्टर-121 में 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्र बनाने की प्राधिकरण से कई बार मांग कर चुके हैं। परंतु प्राधिकरण द्वारा गंभीरता से सुनवाई नहीं की जा रही है। जब कि इन चारों सेक्टर में आपूर्ति कर रहे बिजली उपकेंद्र पहले ही ओवरलोड़ चल रहे हैं। गर्मियों में बिजली का लोड बढ़ने पर यह चारों उपकेंद्र आपूर्ति नहीं दे सकेंगे।

## हवेली में चोरी करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** गांव रौनिजा स्थित एक हवेली से केयर टेकर पर चोरी का आरोप लगा। हवेली के मालिक ने पुलिस से शिकायत की है। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले डीके गर्ग ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि गांव रौनिजा में उनकी पुश्तैनी हवेली है। इसकी देखभाल और साफ सफाई के लिए गांव निवासी भारत और राहुल को बतौर केयर टेकर रखा हुआ था। आरोप है कि दोनों ने हवेली की दीवार के एक हिस्से को तोड़कर गिरा दिया।

# अंतरिक्ष बिल्डर के खिलाफ जारी आरसी, 272 करोड़ का है बकाया

■ जीएस प्रमोटर्स पर एफआईआर, प्राधिकरण ने लिया है एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने दो बिल्डरों पर बड़ा एक्शन लिया है। अंतरिक्ष डेवलपर्स के खिलाफ बकाया वसूलने के लिए आरसी जारी की गई वहीं जीएस प्रमोटर्स के खिलाफ सार्वजनिक सूचना संबंधित बोर्ड पर काली स्याही पोतने पर एफआईआर कराई जा रही है। ये निर्देश सीईओ नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम ने दिए।

उन्होंने बताया कि अन्तरिक्ष डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स प्रालि को जीएच-05ए सेक्टर-78 में 49918.95 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई। बिल्डर ने प्लाट लागत का पैसा प्राधिकरण में जमा नहीं कराया। इसके एवज में प्राधिकरण ने बिल्डर को कई बार नोटिस जारी किए। यही नहीं अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत शासनादेश 21 दिसंबर 2023 को कोविड-19 के लिए जीरो पीरीयड का लाभ दिया गया। ऐसे में बकाया की गणना कर बिल्डर को 25 प्रतिशत धनराशि जमा करने के लिए कहा गया। ये पैसा भी बिल्डर ने जमा नहीं किया।

ऐसे में 28 फरवरी 2025 तक बिल्डर पर करीब 272.96 करोड़ का बकाया हो गया। प्राधिकरण ने भू राजस्व की तरह बकाया वसूली के लिए डीएम को पत्र लिखा है। सार्वजनिक सूचना पर पोती स्याही जीएस प्रमोटर्स प्रालि को ग्रुप हाउ. सिंग जीएच-1सी सेक्टर-78 में भूखंड का आवंटन किया गया। बिल्डर द्वारा अब तक प्राधिकरण का पैसा जमा नहीं किया गया। इसके एवज में प्राधिकरण ने बिल्डर सोसाइटी के बाहर 30 अप्रैल 2024 तक की बकाया जमा करने का सार्वजनिक सूचना का एक बोर्ड लगाया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि इस बोर्ड सार्वजनिक सूचना को काली स्याही से पोत दिया गया। ऐसे में प्राधिकरण ने बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# सूरजपुर में 10 अप्रैल से बाराही मेला शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 10 अप्रैल से ऐतिहासिक प्राचीन कालीन बाराही मेला शुरू हो रहा है। मेले की तैयारी को लेकर बुधवार को शिव मंदिर सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक बाराही मेला प्रांगण में आयोजित की गई। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने की और संचालन महामंत्री ओमवीर बैंसला ने किया। इस दौरान अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि सूरजपुर में वर्षों से लगता चला आ रहा ऐतिहा. सिक प्राचीनकालीन बाराही मेला इस बार फिर 10 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मेले में राजस्थानी लोकनृत्य, गीत संगीत के साथ साथ रागनियों की श्रृंखला चलेगी। इसके अलावा, राजस्थान से आने वाले कलाकारों द्वारा लोक नृत्य और गीत, संगीत की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला, मौत का कुआं, सर्कस, जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले लगाए जाएंगे। समिति के महामंत्री ओमवीर बैंसला ने कहा कि दर्शकों की सुविधा के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। मेले में प्रवेश के लिए दो मुख्य द्वार होंगे। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी रहेगी। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि मेले को लेकर जोर-जोर से तैयारी की जा रही है।

# जिले के कई थाना प्रभारी बदले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। कई थाने को नए प्रभारी मिले हैं। फेज वन थाना प्रभारी अमित कुमार भड़ाना को बादलपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है। अमित मान को फेज वन थाने की कमान मिली है। अमित कुमार अभी तक पुलिस लाइन में थे। वहीं कासना थाना प्रभारी विनोद कुमार को बीटा टू थाने की जिम्मेदारी मिली है। उनकी जगह धर्मेंद्र कुमार शुक्ला को कासना थाने का प्रभारी बनाया गया है। धर्मेंद्र कुमार मीडिया सेल के प्रभारी निरीक्षक थे। विद्युत गोयल को पुलिस




लाइन से अपराध शाखा भेजा गया है। बादलपुर के थाना प्रभारी अमरीश सिंह को आईटी सेल सेंट्रल नोएडा भेजा गया है। इसी तरह राकेश गौतम, विजय कुमार गौतम और हरेलाल मिश्रा को पुलिस लाइन से आईटी सेल सेंट्रल नोएडा और थाना सेक्टर-142 भेजा गया है। आने वाले दिनों में कई अन्य थाने के प्रभारियों के बदलने की अटकलें हैं।

# यीडा ने 3890 लोगों को दिया फ्लैट

## बिल्डरों ने प्राधिकरण के खाते में जमा कराए करीब 408 करोड़ रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अमिताभ कांत समिति की सिफारिश लागू होने के बाद यीडा क्षेत्र की बिल्डर परियोजना में 3890 लोगों को फ्लैट का मालिकाना हक मिला है।

बिल्डर परियोजना में 6879 रजिस्ट्री का लक्ष्य है। समिति की सिफारिशों का लाभ लेने के बाद बिल्डरों ने प्राधिकरण के खाते में 407.90 करोड़ रुपये जमा हुए हैं, लेकिन चार बिल्डर परियोजना अभी भी समिति के लाभ से बाहर हैं। इन परियोजना में करीब 4200 से खरीदार हैं। अधूरी बिल्डर परियोजना को पूरा कराने एवं खरीदारों को फ्लैट का मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू किया था। इसके तहत बिल्डरों को शून्य काल का लाभ दिया गया। बिल्डरों को बकाया राशि का 25 प्रतिशत देने की शर्त लगाई थी। इससे प्राधिकरण व खरीदारों दोनों को फायदा हुआ है।प्राधिकरण को सात बिल्डर परियोजना से 25 प्रतिशत बकाया राशि के तहत 407.90 करोड़ रुपये मिले हैं। अगली किस्त में प्राधिकरण को 621 करोड़ रुपये जल्द और मिलेंगे। सात बिल्डर परियोजना में अभी तक 3890 लोगों की फ्लैट की रजिस्ट्री हो चुकी है।



ये खरीदार रजिस्ट्री कराने की मांग लंबे समय से करते आ रहे थे, लेकिन बिल्डर पर बकाया होने के कारण प्राधिकरण की ओर से पूर्णता प्रमाण पत्र जारी न होने पर खरीदारों की रजिस्ट्री की मांग पूरी नहीं हो पा रही थी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि प्राधिकरण क्षेत्र में कुल 11 बिल्डर परियोजना में सात ने अमिताभ कांत समिति के सिफारिशों के लाभ के लिए आवेदन किया था। चार बिल्डर परियोजना में एसडीएस होम्स ने योजना का लाभ लेने की अनुमति मांगी है।बोर्ड ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी किया है। ओरिस बिल्डर को सुप्रीम कोर्ट से स्थगन है।

इसके अलावा सुपरटेक बिल्डर की दो परियोजना हैं। इन चारों परियोजना पर प्राधिकरण का 2993. 69 करोड़ रुपये बकाया है। सुपरटेक की परियोजना में तकरीबन 4200 खरीदार हैं। बिल्डर परियोजना में 6879 खरीदारों की रजिस्ट्री होनी थी, इसमें 3890 रजिस्ट्री हो चुकी हैं।

# कोरियर कंपनी के कार्यालय से लाखों का कीमती सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-तीन स्थित एक कोरियर कंपनी के कार्यालय पर धावा बोलकर अज्ञात बदमाशों ने कार्यालय का मुख्य गेट तोड़कर वहां रखे लाखों रुपये कीमत के सामान और दस्तावेज चोरी कर लिए। थाना फेज-वन पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रमानाथ अवस्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेक्टर-तीन में उनका प्रोफेशनल कोरियर्स लिमिटेड के नाम से कार्यालय है। अज्ञात चोरों ने 24 मार्च की रात उनके कार्यालय पर धावा बोला। दरवाजे की कुंदी खोलकर अंदर प्रवेश किया। वहां रखे पार्सल और दस्तावेज बदमाशों ने चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में चोर चोरी करके जाते हुए कैद हुए हैं। चोर सुबह 3:50 पर उनके कार्यालय में घुसे हैं तथा चोरी करके सामान ले गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने की एडवाइजरी जारी

# लू से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को अपनाएं जनसमान्य: एडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला आपदा प्रबंधन विभाग हापुड़ द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में बताया गया है। अपर जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और अपना बचाव करें। अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व/प्रभारी/नोडल अधिकारी आपदा श्री संदीप कुमार ने बताया की हीटवेव (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग अपनी अपनी तैयार कर पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है तथा उससे संबंधी एहतियातें बरती जायें तथा सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाये। जिला आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि 'गर्मी के हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को रेडियो व अन्य संसाधनों के माध्यम से सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए। **कब लगती है लू।** गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग,, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमारी से दुकान बंद कर भागे झोलाछाप डाक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** गलत इंजेक्शन लगाए जाने से अधेड़ किसान की मौत होने की घटना को लेकर आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सिंभावली क्षेत्र के गांव रतुपुरा में बीस मार्च को अधेड़ किसान हामिद अली की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिन्हें परिजन आनन फानन में गांव के ही एक निजी चिकित्सक के पास ले गए थे। जहां चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद किसान की मौत होने पर परिजनों समेत ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। इस घटना के अगले ही दिन जांच पड़ताल करने वाले स्वास्थ्य विभाग की टीम बुधवार को फिर से गांव में पहुंच गई। जिसका पता लगते ही निजी चिकित्सकों में हड़कंप मच गया, जो आनन फानन में अपनी क्लीनिक बंद कर मौके से रफूचक्कर हो गए। डिप्टी सीएमओ डॉ.दिनेश भारती ने बताया कि उनके नेतृत्व में विभागीय टीम ने झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई करने के लिए गांव रतुपुरा में छापामारी की है। उन्होंने बताया कि सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा रोड पर क्लीनिक का संचालन करने वाले एक निजी चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।

## कैंटीन में गैस सिलेंडर के रिसाव से लगी आग, मचा हडकंप

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिलेंडर से गैस लीक होने पर कैंटीन में लगी आग से हजारों का सामान राख होने के साथ ही हाईवे से होकर सफर करने वाले समेत ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गढ़ क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर में दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे किनारे बुधवार की शाम को कलुवा की कैंटीन में सिलेंडर से गैस रिसने के कारण अचानक आग लग गई। जिससे कैंटीन में मौजूद ग्राहकों में भगदड़ के साथ ही हाईवे से होकर सफर करने वालों समेत ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दर्जनों ग्रामीण आनन फानन में आग बुझाने का प्रयास करने लगे, परंतु तेज हवा चलने के कारण लपट उठने से उन्हें आसपास में पहुंच पाना भी संभव नहीं हो पाया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर दमकल टीम मौके पर पहुंच गई, जिसने पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि इससे पहले ही कैंटीन के गल्ले में रखी नगदी समेत हजारों का सामान जलकर राख हो चुका था।

## इंटर स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस टीम बनी विजेता

**गढ़मुक्तेश्वर।** इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रीन हाउस टीम ने ट्रॉफी जीती। गढ़ में ठंडी सडक किनारे स्थित क्रिस्तो ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में खेली जा रही इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन ग्रीन हाउस टीम ने रेड हाउस टीम को 13 रनों से पराजित करते हुए अंडर 14 बालक वर्ग की ट्रॉफी जीत ली। प्रतियोगिता में स्कूल से जुड़े चारों हाउस की टीम के बच्चों ने भाग लिया। पहला मैच ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया, जिसमें ग्रीन हाउस ने कप्तान अभिनव त्यागी के शानदार प्रदर्शन के बल पर 13 रनों से जीत हासिल की। दूसरा मैच येलो हाउस और रेड हाउस के बीच हुआ। जिसमें कप्तान हर्षवर्धन राठी के प्रदर्शन के बल पर कांटे के मुकाबले में दो रनों से जीत हासिल कर ली। फाइनल मैच में आमद खान के प्रदर्शन के सहारे ग्रीन हाउस टीम ने जीत हासिल की। फाइनल मैच का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ.सिस्टर मर्सी ने किया। अभय अवस्थी, विक्रांत शर्मा, मोना कौर, पूनम शर्मा, साक्षी शर्मा, ललिता त्यागी, संयोगिता त्यागी, जेबा, मुशीर उल हक, रोहित कुमार, प्रीति चौधरी और धर्मेंद्र कुमार ने विजेता टीम का उत्साहवर्धन किया

## पुलिस ने बिना लॉक लगी मोटर साइकिल वालों को चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते बुधवार को स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी, उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह, कांस्टेबल आकाश ढाका ने पंजाब नैशनल बैंक शाखा व जिला सहकारी बैंक शाखा परिसर में खड़ी बिना ताला लगी मोटर साइकिल चालकों को अपनी अपनी मोटर साइकिलों में ताला लगाकर खड़ी करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक रिचिन कुमार, रजनीश यादव, देव कुमार, प्रदीप कुमार के अलावा जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह, खजांची अरविंद कुमार मिश्रा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विनोद यादव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने दी। पुलिस द्वारा यह बैंक चेकिंग अभियान कड़ी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए समय समय पर किया जाता है।

## एक नजर

## सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सां. इसेज ने गांव डूहरी को लिया गोद



**पिलखुवा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेज द्वारा बुधवार को ग्राम डूहरी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए एक वर्ष के लिए गोद लिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी व मैनेजिंग ट्रस्टी सुशीला रामा. चंद्रन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वाइस चेयरपर्सन डॉ. राम्या रामाचंद्रन द्वारा की गयी।विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान राजकुमारी सिंह रहीं। संस्थान के डायरेक्टर आर.दत्त ने बताया कि अस्पताल द्वारा ग्रामीणों को एक वर्ष तक उचित छूट के साथ आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके। संस्थान के सीनियर एडवाइजर डॉ.जेके गोयल, डा.आरके सहगल, संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश भाटिया, अस्पताल प्रशासक डॉ. वाईसी गुप्ता, डॉ. वरूण कुलश्रेष्ठ, डा. विनीत रस्तोगी, प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार, एचआर मैनेजर लुकरेशिया रूबावथी आदि उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण प्रकरण: सामाजिक संगठन की शिकायत पर पीएमओ ऑफिस ने लिया संज्ञान

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपहरण के बाद दुष्कर्म करते हुए दूसरे समुदाय के युवक द्वारा पीड़िता के छोटे भाई का धर्मांतरण कराने से पीड़ित नाबालिग किशोरी की उम्र अधिक दर्शाए जाने का मामला पीएमओ ऑफिस पहुंचा। यूपी के संयुक्त सचिव को सौंपा गया आवश्यक कार्रवाई कराने का जिम्मा। अपहरण के बाद दुष्कर्म के साथ ही दूसरे समुदाय के युवक द्वारा पीड़िता किशोरी के भाई का जबरन धर्मांतरण कराने का मामला पिछले दिनों काफी सुर्खियों में रहा था, जो अब पीएम ऑफिस पहुंच गया है। चिकित्सीय परीक्षण में पीड़िता की उम्र अठ्ठारह साल दर्शाए जाने पर उसकी मां ने सामाजिक संगठन भ्रष्टाचार निवारण एवं मानवाधिकार से राष्ट्रीय महासचिव पंकज लोधी से की थी। जिनके द्वारा इस मुद्दे को लेकर पीएमओ को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई थी। पीएम ऑफिस द्वारा शिकायती पत्र पर संज्ञान लेते हुए यूपी के संयुक्त सचिव को उच्च स्तरीय जांच के साथ ही कड़ी कार्रवाई कराने का जिम्मा सौंपा गया है। जिससे पीड़िता की मां को न्याय मिलने के साथ ही आरोपी साबिर अली और उसके दो भाई निवासी गांव लोई जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होने की आस जगी है। समाजसेवी पंकज लोधी ने बताया कि दूसरे समुदाय के आरोपियों ने गढ़ के एक मोहल्ले में रहने वाली पंद्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर लिया था। जिसके बाद उससे दुष्कर्म करते हुए उसके छोटे भाई का जबरन धर्मांतरण भी करा दिया गया था। परंतु इस संगीन मामले में भी पुलिस ने बड़े प्रयासों के बाद रिपोर्ट दर्ज करते हुए पीड़ित किशोरी और उसके भाई को बरामद कर आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया था। परंतु मेडिकल रिपोर्ट में पीड़िता की उम्र पंद्रह साल की बजाए अट्ठारह साल दर्शा दी गई है, जिससे आरोपियों को इसका कानूनी लाभ मिल जाएगा। इस शिकायत के आधार पर उन्होंने पीएम ऑफिस में पत्र भेजा था, जिसका संज्ञान लेते हुए यूपी के संयुक्त सचिव को जरूरी कार्रवाई कराने दायित्व सौंपा गया है।

## वक्फ विधेयक को लेकर गढ़ में सतर्कता: ड्रोन से निगरानी, सोशल मीडिया पर नजर

**गढ़मुक्तेश्वर।** वक्फ संशोधन विधेयक, जिसे लोकसभा में पेश किया जाने वाला है, को लेकर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस उच्च सतर्कता बरत रही है। इस संदर्भ में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सख्त किया गया है और पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। पुलिस ने स्थानीय जनमानस से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में सहयोग करें। मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी और गश्त को बढ़ा दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस प्रशासन ने शांति और कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया सेल भी चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर हालात पर नजर रख रही है। यदि किसी ने व्यवस्था में बाधक बनने का प्रयास किया, तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। पुलिस द्वारा की गई यह पहल लोगों को सुरक्षा का एहसास कराने के साथ ही शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। समुदाय के सभी सदस्यों से अपेक्षा की जा रही है कि वे पुलिस के साथ सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा माता का श्रंगार व हवन का आयोजन

**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा बुधवार को चंडी मंदिर पर माता का श्रंगार व हवन का आयोजन किया गया। समिति के प्रधान अखिलेश मित्तल ने बताया कि पांचवें नवरात्रि पर माता स्कंद माता का जो ममता में ही रूप है कार्तिकेय को गोद में लिए हुए बैठी है। इसी माता के स्वरूप की आज पूजा की गई। प्रतिदिन एक यजमान द्वारा हवन एवं श्रृंगार का आयोजन किया जाता है। बुधवार को अमन मित्तल एवं विपिन सिंहल के परिवार द्वारा मां की पूजा अर्चना की उन्हें भोग लगाया। उन्होंने बताया कि मां चंडी के प्रांगण में माता के आगे जो शीश झुककर अपनी इच्छा व्यक्त करता है उसकी इच्छा मां अवश्य पूरी करती है। मां हर एक की मनोकामना पूर्ण करती है, यह सिद्ध प्राचीन पीठ है।इस अवसर पर महामंत्री राहुल मित्तल, कोषाध्यक्ष केशव शर्मा, फतेह सक्सेना, मोहित गुप्ता, धीरज गर्ग, अमित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारण से गन्ने की फसल में लगी आग,सात बीघा फसल जलकर हुई राख

**गढ़मुक्तेश्वर।** अज्ञात कारण से लगी आग में गन्ने की सात बीघा फसल जलकर बर्बाद हो गई, जिसके पास वाले खेतों में खड़ी गेहूं की सैकड़ों बीघा तैयार फसल को बचाने में किसानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गढ़ क्षेत्र के गांव झड़ीना के जंगल में बुधवार की दोपहर को अज्ञात कारण से किसान विनोद के खेत में खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गई। आसपास के खेतों में कामकाज कर रहे किसान धुएं का गुबार और आग की लपट उठती देख बुरी तरह कांप उठे। जिन्हें आसपास से जुड़े अपने खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल को आग की चपेट में आने से बचाने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। किसानों की कवायद के चलते उनकी गेहूं की फसल आग की चपेट में आने से बच गई, परंतु किसान विनोद के खेत में खड़ी गन्ने की करीब सात बीघा फसल आग में जलकर बुरी तरह बर्बाद हो गई।

## डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जल जीवन मिशन ग्रामीण व नगरीय के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि जो कार्य हो गए हैं उसको हैंडओवर की प्रक्रिया प्रारंभ करें। जल जीवन मिशन नगरीय अंतर्गत नेकपुर वार्ड 24 घंटे जलापूर्ति के लिए वार्ड को शासन स्तर से चिन्हित किया गया है।

जिस पर कार्य प्रक्रियाधीन है तथा यह कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम ने रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने व हर घर जल के कार्यों के प्रमाणीकरण करने के लिए कहा। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जनपद के 1444 आवासीय ग्राम में से 759 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। 685 ग्रामों के लिए कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि 857 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं जिनमें से 288 पूर्ण हो गए हैं शेष 569 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन ओवरहेड टैंक में से 29 जो की पूर्व में बनाए गए थे वह बिजली से संचालित होंगे तथा 828 सोलर पंप व बिजली से संचालित होंगे। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय शाहजहांपुर डिवीजन कपिल सिंह ने बताया कि जनपद में 07 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें सहसवान, कछला, इस्लामनगर, दातागंज, बदायूं, उझानी व बदायूं शहर का नेकपुर वार्ड है। उन्होंने बताया कि सहसवान व कछला में अप्रैल 2025, इस्लामनगर में मई 2025, दातागंज में जुलाई 2025, बदायूं में जुलाई 2025, उझानी में मार्च 2026 तथा नेकपुर में जून 2026 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी का पावर हाउस जिम में हुआ जोरदार स्वागत

**पिलखुवा।** नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी का संतोकड़ी पर स्वागत किया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि युवा वर्ग को बॉडी फिटनेस के प्रति आकर्षित करने वाला जिम आज युवाओं की पहली पसंद बना हुआ है। आज का युवा वर्ग बॉडी फिटनेस के लिए बहुत अधिक उतावला है। युवाओं से मिलकर स्वयं में भी बॉडी फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। सीमित संसाधनों में भी हमारे युवा खासतौर से बहन व बेटियां कितनी मेहनत कर देश का नाम लगातार ऊंचा करने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर विशांत वैद्य, रॉकी तोमर, लवनीश राणा, हिमांशु चौहान, यश कुमार, दीपांशु चौधरी, संजीव चौधरी, काजल तोमर, करिश्मा शर्मा, सनी शर्मा नितेश तोमर रॉकी तोमर हिमांशु अग्रवाल साथ रहे।

## रास्ते का निर्माण हुए बिना हुआ लाखों का भुगतान

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** रास्ते का निर्माण हुए बिना करीब तीन लाख का भुगतान निकालने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जन सूचना के तहत मिली जानकारी का हवाला देकर जांच और कार्रवाई की मांग उठाई। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव में प्रधान और सचिव के द्वारा कच्चे रास्ते पर खड़ंजे का निर्माण दर्शाते हुए दो लाख 99 हजार का भुगतान निकालकर हड़प करने का संगीन मामला सामने आ रहा है। समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि गांव में मस्जिद से लेकर गिरवर सिंह के मकान तक कच्चे रास्ते का निर्माण कार्य पूरा होना दिखाकर सरकारी मद से दो लाख 99 हजार की रकम निकालकर उसे हड़प कर ली गई है। समाजसेवी का कहना है कि आइजीआरएस के माध्यम उन्हें जिला पंचायत राज अधिकारी ने जानकारी दी है कि संबंधित रास्ते को बनवाने के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी। उक्त रास्ते के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत की कार्य योजना वर्ष 2024-25 में दर्ज नहीं है, जिसके कारण उक्त रास्ते का निर्माण कराना संभव नहीं है। हालांकि ग्राम सभा की आगामी बैठक में प्रस्ताव पारित कराते हुए कार्य योजना वर्ष 2025-26 में शामिल करते हुए ग्राम पंचायत में धनराशि की उपलब्धता के आधार पर रास्ते का निर्माण कराया जाना संभव हो पाएगा। समाजसेवी का कहना है कि उसके पास संबंधित रास्ते के फोटोग्राफ समेत अन्य सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। एडीओ पंचायत शिवम पांडेय का कहना है कि इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, परंतु अब संबंधित रास्ते को लेकर जांच कराने के साथ ही कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# ट्रक से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ में घुसी कार

सचिव हुए गंभीर रूप से घायल हायर सेंटर किया रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को ड्यूटी से वापस लौट रहे वजीरगंज में तैनात विकासखंड सचिव की गाड़ी सैदपुर और रेहड़िया के बीच अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई ड्यूटी जा रहे हैं सचिव हुए गंभीर रूप से घायल हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र में अंकुर पुत्र विनोद निवासी तैय्यबपुर काजी उर्फ काजीवाला जनपद बिजनौर वजीरगंज विकासखंड में सचिव पद पर कार्यरत है वहीं आज बुधवार को सचिव अंकुर कार पर सवार होकर वजीरगंज विकासखंड में ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे तभी रेहड़िया और सैदपुर के बीच पहुंचते ही ट्रक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई जिसमें कार सवार सचिव गंभीर रूप से घायल हुए वहीं सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल सचिव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## 14 बच्चों का किया नामांकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला बदायूं के विकास खंड उसावां के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर अतिराज में खंड शिक्षा अधिकारी उसावां ओमप्रकाश वर्मा स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झन्डी दिखा कर रवाना किया तदुपरांत परीक्षाफल वितरण नवीन नामांकन के अंतर्गत 14 बच्चों का नामांकन किया गया

इस अवसर पर विधालय प्रबंधन के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार विद्यालय के प्र0अ0 गयाराम भारती स0अ0 रोहिणी सोनकर व सोनू राठौर शि0मि0 विमलादेवी, व सदनपाल सिंह सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

## भाकियू संघर्ष मोर्चा ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन



**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरदार जयदीप सिंह के नेतृत्व में जिला हापुड़ में गांव ददोदा व असोड़ा के किसान और मजदूरों की बहुत सी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी हापुड़ को सोपा गया,जिसमें जिलाधिकारी हापुड़ ने सभी समस्याओं को पढ़कर 5 दिन का समय मांगा जिलाध्यक्ष हापुड़ चौधरी शिवकुमार ने 5 दिन में सभी समस्याओं का निस्तारण न होने पर जिलाधिकारी के घेराव का ऐलान किया।

साथ में मौजूद रहे युवा जिला अध्यक्ष हापुड़ संचित चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा हापुड़ मोनिका खटीक जिला मीडिया प्रभारी प्रतिभा सिंह ग्राम प्रधान विपिन कुमार वरिष्ठ कार्यकर्ता सोनू त्यागी रामवीर सिंह, रणवीर सिंह, सतवीर सिंह, सुनील कुमार, विपिन, नीरज, विनीत, प्रवीण,कृष्णपाल, विजय, संजय कुमार,विशाल कुमार, मनोज, जितेंद्र, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका खटीक द्वारा महिलाएं सोनी, कोमल, पूनम, पिंकी, मनीषा, पूजा,

इंदिरा, शशि, मंजू, राधा, सीमा, खुशी, शिक्षा, गोमती देवी, पूनम देवी, नीतू, प्रीति, सुनीता, बबली, काजल, उमा देवी, चौधरी बिलाल,ममता, रविता, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, बाला देवी, बबली, मनकोर देवी, जगबीर देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर किया लहूलुहान, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सहसवान थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर में दबंगों ने घर में घुस कर ग्रामीण युवक को लाठी डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर हालात में परिजनों ने युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया है डॉक्टर ने उसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज चल रहा है। आरोप है कि युवक अपनी दवाई लेकर घर में घुसा था पीछे से दबंग लोग आ गए और किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर दबंगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर होते ही आस पास के लोग इकट्ठे हो गए उसके बाद दबंग लोग वहां से फरार हो गए। परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया हालत को गंभीर देखते हुए, जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है अभी भी हालत गंभीर बनी है। जिसकी थाने में तहरीर दी गई है मगर अभी तक कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने आहत होकर बुधवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर पांच आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी यासीन पुत्र रियासत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 31 मार्च की शाम करीब 8:00 बजे अब्दुल वासिद, अब्दुल तारिक, अब्दुल कलाम, अहमद हसन पुत्रगण वहीद समेत पीड़ित युवक के घर में घुस गए। उन लोगों ने लाठी-डंडे और रॉड से यासीन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने पीट-पीटकर हाथ पैर तोड़ दिए और मरा हुआ जानकर छोड़कर भाग गए। परिजनों ने घायल हुए युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल का इलाज चल रहा है युवक की अभी भी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके बाद अगले दिन यासीन के घर में महिलाओं, को अकेली देखकर दबंगों ने घर में घुसकर धावा बोल. कर भूरी,असराना के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग वहां से फरार हो गए।




पुलिस को तहरीर देते हुए

## हवन -यज्ञ कर हुआ नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ


**गढ़मुक्तेश्वर।** शिक्षण संस्था के नए सत्र का शुभारंभ यज्ञ में आहुति देकर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना करते हुए किया गया। गढ़ में शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ यज्ञ में आहुति देते हुए मानव कल्याण और विश्व शांति समेत छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया। यज्ञ में आहुति देकर देशवासियों की शुद्ध बुद्धि और उच्च नागरिक दृष्टिकोण की कामना करते हुए छात्र छात्राओं को दायित्व के रूप में विशिष्ट बैज भी प्रदान किए गए। अनुशासन प्रमुख रिया शर्मा, एकेडमिक मॉनिटर उत्कर्ष चौधरी, रितिका शर्मा, मोहम्मद काशिफ, देवस्य गौड़, डेस्क प्रबंधन प्रमुख जया सैनी, डिस्प्ले बोर्ड इंचार्ज समीर सैफी, सृष्टि चौधरी समेत सैकड़ों छात्र शामिल रहे। स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह और प्रिंसिपल चौधरी ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं निरंतर अभ्यास ही सफलता का मूल मंत्र है, जिसके लिए सच्ची निष्ठा के साथ लक्ष्य का निर्धारण भी बेहद जरूरी है। इस दौरान वाइस प्रिंसिपल युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, ओमवीर सिंह, तनीषा भड़ाना, प्रांजल शर्मा समेत अधिकांश शिक्षक मौजूद रहे।

# ईद की खुशियां ससुराल में बांटने आ रहे दो दामादों की सड़क हादसे में मौत

## जानी क्षेत्र के सीसीएस कांवड़ मार्ग पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर मंगलवार की देर रात को सड़क हादसे में सिवाल खास के दो दामादों की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा लेकिन परिजन बिना पोस्टमार्टम के ही दोनों के शव ले गए सूत्रों के अनुसार फारूक निवासी दनकौर और उसका साढ़ू नदीम निवासी बदरखा बुलंदशहर की शादी इमरान निवासी सिवालखास की बेटियों से आठ महीने पहले हुई थी और फारूक की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी। ईद उल फितर पर दोनों दामाद सिवाल खास अपनी ससुराल आ रहे थे जेसे ही वह चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर चड्ढा पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तो एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जहां दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस और ससुराल के लोग पहुंच गए जहां दोनों दामादो की मौत देख कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पंचनामा भर दिया था तभी परिवार वालों ने पोस्टमार्टम करने के लिए इंकार कर दिया और बिना कार्रवाई के ही दोनों के शव अपने साथ ले गए। वहीं दोनों दामाद की खबर सुनते ही सिवाल खास क्षेत्र में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि फारूक के तीन बच्चे हैं और नदीम की पत्नी निमिषा गर्भवती है।







# पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार देर रात अब्दुल्लापुर थाना भावनपुर के प्रशांत जाटव के पिता बिट्टू को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। बुधवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सूद कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह को घटना की पूरी जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ित परिवार से बात कर

**■ आरोपियों को फांसी दिलाने की रखी मांग**

अपनी संवेदनाये प्रकट करते हुए परिवार को हर सम्भव मदद एवं न्याय का का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार से मिलने के बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने दोषियों को फांसी देने की मांग की। इस दौरान रजनीश कुमार, अचल कुमार, निक्की जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।

# लावड़ में खुलेआम गौकशी पर सभासद ने पुलिस को दी सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में बुधवार की सुबह पुलिस को गौकशी की सूचना मिली जिसके बाद महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार लावड़ चौकी प्रभारी विनोद कुमार मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे कुछ समय बाद ही सीओ सदर देहात भी कस्बे में पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत लावड़ के सभासद मनोहर सैनी भगवानपुर रोड पर अपने खेत पर सवेरे पहुंचे उन्होंने पास में ही बाली सैनी के खेत के बराबर में गौवंश के अवशेष पड़े देखे, उन्होंने तभी डायल 112 पर सूचना दी कुछ ही देर बाद हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी पहुंच गए सूचना पर लावड़ चौकी प्रभारी विनोद कुमार मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे कुछ ही देर बाद इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर जांच पड़ताल की पुलिस ने अवशेष से नमूना लेकर जांच के लिए भिजवाया ओर आस पास पड़े गौवंश के अवशेषों को जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर दबवा दिया। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल में लगी हुई है।



### सड़क से कुछ ही दूरी पर खुले खेत में हुई गौकशी

कस्बे में भगवानपुर रोड पर स्थित रजवाहे के पास जिस स्थान पर गौकशी की घटना को अंजाम दिया गया है वो सड़क से लगभग सौ मीटर की दूरी पर है और खुला खेत है और एक साइड रजवाहे की पटरी भी है घटना बिल्कुल खुले स्थान पर की गई है और भगवान मार्ग जहां ये घटना की गई है वहां रात दिन वाहन चलते है। गौकशो के हौसले कितने बुलंद है अंदाजा लगाया जा सकता है। गौकशों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया अज्ञात गौकशों के विरुद्ध पुलिस की ओर से मुकदमा पंजीकृत किया गया है तलाश जारी है जल्द ही गौकशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं इस घटना से ग्रामीणों में गहरा रोष है। उनका कहना था कि गोकशों ने खुले में घटना करके पुलिस को चुनौती दी है।

# क्रिएथॉन 2025 भारत के नवाचार और उद्यमिता का नया अध्याय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व पहल के तहत, एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम मेरठ, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा और एकेटीयू इनोवेशन हब मिलकर भारत शिक्षा एक्सपो 2025 सीजन 2 के दौरान 24 से 26 अप्रैल 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में क्रिएथॉन का आयोजन करने जा रहे हैं। यह भव्य आयोजन भारत की बढ़ती नवाचार भावना का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प के अनुरूप है। उस देश में जहां करियर विकल्प पारंपरिक रूप से एमबीबीएस, बी.टेक और सीए तक सीमित रहे हैं, क्रिएथॉन पारंपरिक सोच को बदलने का प्रयास करता है और छात्रों को उद्यमिता को एक सशक्त और व्यवहार्य करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान कॉन्फ्रेंस में हैकाथॉन के हेड डॉ. मुकेश रावत, स्टार्टथॉन के हेड वंशिका यादव, आइडियाथॉन के हेड प्रशांत गुप्ता, कोडथॉन के हेड विकास श्रीवास्तव, नेचर वर्कशॉप की हेड विशी खत्री, 3 डी प्रोटोटाइपिंग एंड रोबोटिक्स वर्कशॉप की हेड मोहिनी प्रीतम सिंह, डिजाइन थिंकिंग की हेड शिरीन, आउटरीच हेड रमेश कुमार और मीडिया हेड अजय चौधरी रहे।

### श्री वेंकेटेश्वरा में वैज्ञानिक विधि पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार...

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: सुधीर गिरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकेटेश्वरा संस्थान में 'वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता के रूप में पधारे देश के विख्यात कृषि शास्त्री प्रधान कृषि वैज्ञानिक भारत सरकार पदमश्री डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसान भाइयों को सम्बोधित करते हुए बताया कि 'उन्नत किस्मों के चयन' एवं कीट रोग नियंत्रण द्वारा कम लागत में ज्यादा गुणवत्तापूर्ण गन्ने का उत्पादन होगा। इसके साथ ही गन्ना उत्पादों के 'खाद्य प्रसंस्करण' से किसानों की आय ना सिर्फ दोगुनी बल्कि चार गुनी तक बढ़ायी जा सकती है।



वेंकेटेश्वरा संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक पदमश्री डा. बक्शीराम यादव, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, प्रधान कृषि वज्ञानिक एवं निदेशक वेंकेटेश्वरा कृषि स्कूल प्रो.(डा.) तेजपाल सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए शानदार कार्यों के लिए पदमश्री से सम्मानित डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं, विभिन्न प्रदेशों से आये कृषि वैज्ञानिकों एवं पश्चिमी यू.पी. के प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गन्ने की सबसे उन्नत किस्म/प्रजाति सी ओ 038 (जिसको मैंने खुद 2009 में विकसित किया) के चयन एवं 'कीट रोग नियंत्रण' द्वारा गन्ने की पैदावार को 100 टन प्रति हैक्टेयर तक पहुंचा दिया है, जिससे किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी है। हमें उन्नत खेती के साथ-साथ पशुपालन, आर्गेनिक फार्मिंग एवं फूड प्रोसेसिंग की ओर किसानों को ले जाना होगा ताकि उनकी इनकम चार गुनी तक बढ़ सके।

एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, कृषि वैज्ञानिक डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी.सिंह, आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. ज्योति सिंह, डा. माता प्रसाद, डा. लक्ष्मीकान्त, डा. शेषनाथ मिश्रा, डा. ब्रजकिशोर, डा. विनय कुमार सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. चन्द्रकान्त, डा. वरुण त्रिपाठी, कौशल कुमार, उदित तिवारी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डा. ज्योति के साथ डा. विनय कुमार ने किया।

# गौ सेवा आयोग के सदस्य ने किया जानी ब्लॉक गौशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को उत्तर प्रदेश के गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय जानी पहुंचे। उसके बाद जानी ब्लॉक का गौशाला का निरीक्षण किया और वहां पर बारीकी से देखा गया।

जहां कुछ कमियां मिलने पर ब्लॉक के अधिकारियों को फटकार लगाई उन्होंने कहा की गोवंश का चारे में कोई भी मिलावट न हो और साफ सफाई रखें। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनंदा पांडे व फार्मासिस्ट राज बहादुर सिंह व ग्राम सचिव आदि को निर्देश दिए की अगर गौशाला में कोई भी परेशानी है तो तुरंत हमें बताएं वहीं गौ रक्षा आयोग के सदस्य ने अधिकारियों की सराहना भी की समय पर गोवंशों के वैक्सीनेशन और उपचार हेतु कुछ चीज सही भी पाए गए जिससे गोरखा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गर्मी के मौसम में गोवंश को पानी की व्यवस्था पंखे की व्यवस्था आदि सुचारू रूप से उपलब्ध करायें।

# 15 प्लांट पर मॉकड्रिल की गतिविधि आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को जनपद के स्थापित पी.एस.ए. प्लांट की ऑपरेशनल रडीनेस के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के मेडिकल कॉलेज एवं समस्त सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर स्थापित कल 15 प्लांट पर मॉक ड्रिल की गतिविधि आयोजित की गई। जिला महिला चिकित्सालय में स्थापित प्लांट का निरीक्षण संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेरठ मंडल मेरठ डॉ. अशोक तालियां द्वारा किया गया जिला चिकित्सालय एवं कैंटोनमेंट जर्नल हॉस्पिटल में स्थापित संयंत्र का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया द्वारा, लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में स्थापित दोनों यूनिटों का निरीक्षण डब्ल्यू एचओ से डॉक्टर प्रिया एसएमओ द्वारा किया गया। संयुक्त चिकित्सालय किठौर के प्लांट का निरीक्षण वहां तैनात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विश्वास चौधरी द्वारा किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना एवं सरधना का निरीक्षण क्रम से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण गौतम एवं डॉ. कांति प्रसाद द्वारा किया गया जनपद के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो परीक्षितगढ़ हस्तिनापुर दौराला खरखौदा रोहटा इत्यादि का निरीक्षण उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. रजत कुमार, डॉ. आर. के. सिरोही, डॉ. प्रताप सिंह खोखर, डॉ. महेश चंद्र, डॉ. अतुल कुमार द्वारा किया गया। सभी प्लांट सक्रिय पाए गए मॉक ड्रिल के साथ-साथ आगामी दिनों में हीट वेव के प्रकोप से बचने के लिए सभी चिकित्सा इकाइयों पर स्थापित कोल्ड रूम का भी निरीक्षण किया गया तथा उन्हें सक्रिय किया गया।



# लोहिया नगर में कॉपर के गोदाम में लाखों की चोरी

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में देर रात चोरों ने कॉपर के गोदाम पर धावा बोल दिया। चोर वहां से सात लाख रुपए का कॉपर चोरी कर ले गए गोदाम मालिक गांव में ईद मनाने गया था। गोदाम पर लौटा तो देखा ताले टूटे हुए थे जिसके बाद इसकी सूचना उसने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाल कर चोरों की तलाश कर रही है। फिरोज ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका लोहिया मोबिन नगर में गोदाम है। वह गोदाम में ताला लगाकर 30 मार्च को ईद मनाने के लिए अपने गांव सिवाल खास चला गया था। बुधवार को लौटा तो देखा कि गोदाम के ताले टूटे पड़े थे। बताया जा रहा है कि देर रात गोदाम पर चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए का समान चोरी करके फरार हो गए। गोदाम मालिक के अनुसार उसके गोदाम से सात लाख रुपए का माल गायब था जिसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# कलर्स रिश्ते डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलर्स रिश्ते लोकप्रिय शोज फ्री-टू-एयर प्लेटफॉर्म डीडी फ्रीडिश पर पेश कर रहा है। ये प्रोग्राम 1 अप्रैल से चैनल नंबर 50 पर मुफ्त में देखे जा सकेंगे। अर्नब दास, हेड, लीनियर टीवी बिजनेस, कलर्स रिश्ते ने कहा कलर्स रिश्ते में हम अपने लो. कप्रिय शोजज का जादू फिर से पेश करने के लिए रोमांचित हैं। दर्शक ये शोज बिल्कुल मुफ्त में देख सकेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि डीडी फ्री डिश के माध्यम से हम एक बार फिर अपने विशाल ग्राहक वर्ग के बीच पहुंचेंगे! हम अपनी वापसी के साथ पूरे परिवार के लिए असीमित दैनिक मनोरंजन का पसंदीदा गंतव्य बनने के लिए उत्साहित हैं।

## एयरटेल ने उ.प्र में लॉन्च की आईपीटीवी सर्विस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी आईपीटीवी सेवाएं शुरू की, जो ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव प्रदान करती है। इस सेवा के तहत लॉन्च के मौके पर भारती एयरटेल, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) व उत्तराखंड के सीओ ओ, अंचित गोयल ने कहा, उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति में मनोरंजन हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है। आज हम उत्तर प्रदेश में अपनी एडवांस्ड आईपीटीवी सेवा लॉन्च कर बेहद उत्साहित हैं।

## एनफील्ड ने भारत में क्लासिक 650 पेश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रॉयल एनफील्ड ने भारत में क्लासिक 650 पेश की है। क्लासिक 650 क्लासिक रेंज की विरासत को आगे बढ़ाते हुए टाईमलेस सौंदर्य के साथ आधुनिक डिजाईन और साफिस्टिकेटेड कारीगरी का बेहत. रीन मिश्रणपेश कर रही है, जो मोटरसाईक्लिंग की शुद्ध भावना के अनुरूप है। क्लासिक 650 के लॉन्च के बारे में बी गोविंदराजन, मैने जिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्सलिमिटेड एवं सीईओ, रॉयल एनफील्ड ने कहा क्लासिक 650 एक मोटरसाईकल ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत का गौरव है।

# अब्बासी समाज के चौधरी ने बुजुर्गों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्याम नगर पुलिस चौकी स्थित बिट्टू अब्बासी के निवास पर बुधवार को स्व. अब्दुल इस्लाम सदर की याद में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अब्बासी समाज की चौधरी, सरपंच, सादर व समस्त टीम ने 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को पगड़ी पहनकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

चौधरी अबरार अहमद ने बताया कि मेरठ के चौधराहट अपने समाज के लिये काम कर रही है। साथ ही लोगों से अपील की जा रही है कि नबी की सुन्नतों पर चलें, शादियों में ज्यादा दहेज न दें। क्योंकि आज के दौर में ज्यादा दहेज के चलन से गरीब परिवार की बच्चियों की शादी होने में कठिनाई आती हैं। इसी के साथ बुजुर्गों की वृद्धा पेंशन बनवाई जाएगी। चौधरी अमीरुद्दीन उर्फ पप्पू ने कहा कि समाज के लोगों की नगर निगम व नगर महापालिकाओं में नौकरियों पर बैन है जिसके लिए प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर, आयुक्त, पार्षदों से प्रयास करके शासन से नौकरी बहाल करने की मांग की जा रही है। चौधरी अनवार ने कहा मेरठ जिले की समाज की जनगणना अभियान की शुरूआत की जायेगी। इस दौरान सरपंच हाजी नौसेर, शहजाद अब्बासी पूर्व पार्षद, सदर हाजी महराज, नायब सरपंच ग्यासुद्दीन उर्फ सदर, वाहिद अब्बासी, महामंत्री उमर इंजीनियर, नौशाद सुनार, ताहिर अब्बासी, कलवा चौधरी, शरीफ अब्बासी, संरक्षक पूर्व मेजर हाजी शरीफ व सरपंच सगीर आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में हवन पूजन के साथ नये सत्र का शुभारंभ



कॉलेज परिसर में हवन करते शिक्षक व छात्र।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज मैं हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं छात्रों ने आहुति देकर सुख शांति की प्रार्थना की। नगर के समीप स्थित श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज नये सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह एवं प्रधानाचार्या भावना चौधरी एवं शिक्षकों तथा छात्रों ने आहुति देकर स्कूल की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्य ने छात्र को तिलक लगाकर नये सत्र का आगाज दिखाया। इस अवसर पर प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह ने बताया कि बुधवार को स्कूल का नये सत्र का हवन पूजन के साथ आयोजन किया गया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद।

**■ प्रबंधक ब्रह्मचारी व प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने आहुति देकर स्कूल के सुख शांति के लिए की प्रार्थना**

**■ छात्रों को प्रधानाचार्या ने तिलक लगाकर किया आगाज**

# अप्रैल महीने को अंबेडकर माह के रूप में मनाएं: आरपी सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय कैंप कार्यालय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विचार रखते हुए आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. आर.पी. सिंह 'अंबेडकर' ने 1 अप्रैल सन् 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने हिल्टन यंग कमीशन के सामने आरबीआई की स्थापना के लिए एक मजबूत मामला पेश किया था। उन्होंने अपनी पुस्तक 'दी प्राब्लम ऑफ दी रुपी-इट्स ओरिजन एण्ड इट्स सोल्यूशन' में आरबीआई की स्थापना की जरुरत को लेकर बहुत मजबूत तर्क दिए थे। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, आरबीआई अधिनियम 1934 ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित किया गया और इस प्रकार 1 अप्रैल 1935 को आरबीआई की स्थापना हुई। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का आरबीआई की स्थापना में योगदान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को आधुनिक आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी लिए तो भारतीय मूल के महान अर्थशास्त्री नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को 'फादर ऑफ माय इकोनोमिक्स' कहकर सम्मानित किया है। सिंह ने पूरे अप्रैल महीने को 'अंबेडकर माह' के रूप में मनाने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर सोमवार को लखनऊ में दारूलशफा के बी ब्लॉक के सभागार में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डा. के. सी. पांडे द्वारा 'आरक्षण हटाओ-देश बचाओ' आंदोलन को लेकर की गई घोषणा को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आरक्षण का विरोध सीधे-सीधे संविधान का विरोध है और ऐसे संविधान विरोधियों को कैसे सरकार में मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठा दिया जाता है अपने आप में गंभीर मुद्दा है। इनके द्वारा अथवा किसी के भी द्वारा आरक्षण विरोधी प्रदर्शन किए जाते हैं तो देश के 85 प्रतिशत दलित पिछड़े आदिवासी और अल्पसंख्यक चुप नहीं बैठे रहेंगे इसलिए राज्य सरकारों और भारत सरकार को इन आरक्षण विरोधियों को नकेल लगानी चाहिए तथा इनके ऊपर संविधान विरोधी गतिविधियां चलाने और समाज की शांति व्यवस्था बिगाड़ने को लेकर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। 14 अप्रैल को आरक्षण विरोधी प्रदर्शन करने की घोषणा को देखते हुए परशुराम सेना और ब्राह्मण महासभा आदि आरक्षण व संविधान विरोधी संगठनो पर पाबंदी लगाने की भी मांग की गई।

### सार्वजनिक सूचना

**नामान्तरण ( दाखिल खारिज )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़, अन्तर्गत वार्ड सं.-04, मौहल्ला चमारान, चिंदौड़ी रोड, लावड़ में स्थित भवन/दुकान/खाली प्लाट सं.-259/ 260 के निवासी श्री दीपक कुमार नागर पुत्र श्री जसवीर सिंह नागर निवासी सी-288, गंगानगर, मवाना रोड, मेरठ ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 20.03.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसको शिवालिक स्मॉल फाईनेंस बैंक लि. शाखा सरधना, मेरठ से क्रय किया है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है:-पूरब-मकान श्री अखलाक, पश्चिम-प्लाट श्री ओमप्रकाश, उत्तर-मेन रोड, दक्षिण-प्लाट श्री नसीम। इस दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन की अवधि के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत में कार्यालय दिवस में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**-अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**



# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

**केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है**




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है। क्विटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा। उस हार की याद पैट कमिस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है

**हैदराबाद के पास शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो खेल को अपने कब्जे में ले सकती है**

जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। मोहम्मद शमी और पैट कमिस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर **केकेआर का संभावित एकादश:** क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।

# डफी टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष पर



**दुबई, वार्ता।** वेलिगटन में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में अपनी टीम की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डफी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन को शीर्ष स्थान से हटाकर यह मुकाम हासिल किया। डफी ने पिछले सप्ताह सात पायदान की छलांग लगाई थी और एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए थे और इस सप्ताह उन्होंने होसेन के अलावा वानिदु हसरंगा, आदिल राशिद और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ दिया।

उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसन नवाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ का विकेट शामिल है। बेन सीयर्स भी गेंदबाजों की सूची में 21 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिग हासिल की है। उनके सलामी जोड़ीदार फिन एलन एक पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर सूफियान मुकीम 25 पायदान की छलांग लगाकर 86वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिग में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नेपियर में खेला गया पहला वनडे भी शामिल है, जिसे घरेलू टीम ने 73 रन से जीता था। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 132 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे वह 24 पायदान की छलांग लगाकर 78वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा 58 रन की पारी के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिग में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ 38 रन देकर दो विकेट चटकाने के बाद नौ पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नसीम शाह एक पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर जुर्माना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर मंगलवार रात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। दिग्वेश सिंह ने अनुच्छेद 2-5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। इस बीच पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। उन्होंने 172 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16-2 ओवर में हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने तेज अर्धशतक जड़कर 22 गेंद शेष रहते आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ, पंजाब किंग्स ने लीग में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा और सीजन की शुरुआत में खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

### ब्रिटेन की जोन्स कोलंबिया में कोर्ट पर गिर कर चोटिल

**बोगोटा, वार्ता।** ब्रिटेन की खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को कोलंबिया में मैच के दौरान गिर गई जिसके बाद व्हीलचेयर पर उन्हे कोर्ट से बाहर निकाला गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी बोगोटा में निर्णायक तीसरे सेट के नौवें गेम में सर्विस करने का प्रयास कर रही थीं, तभी वह फर्श पर गिर गईं। ब्रिटिश नंबर पांच खिलाड़ी जोन्स कोलसैनिटास कप के पहले दौर के मैच को पूरा नहीं कर पाईं। कोलसैनिटास कप के बयान में कहा गया कि शारीरिक समस्या के कारण फ्रांसेस्का जोन्स ने जूलिया रीरा के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया है। हम ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस बीच, हीथर वॉटसन पहले दौर में इरीना श्यामनोविच से सीधे सेटों में हारने के बाद चार्ल्सटन ओपन से बाहर हो गई हैं। ब्रिटिश नंबर सात को बेलारूसी विश्व नंबर 215 ने 7-6 (10-8) 6-4 से हराया।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए की 40 संभावितों की घोषणा



**मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने यहां साई में चल रहे सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिग शिविर के लिए बुधवार को 40 सदस्यीय कोर समूह की घोषणा की। 23 मार्च को शुरू हुए इस शिविर में शुरू में 65 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। पिछले दो सप्ताह के उनके प्रदर्शन के आधार पर अब समूह को घटाकर 40 खिलाड़ी कर दिया गया है।

मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, वहीं 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन और शुरुआती राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उनके प्रयासों के आधार पर कोर समूह के बाहर से 12 नए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। गोलकीपिग विभाग में सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो जैसे चार जाने-पहचाने नाम हैं, जिन्होंने कोर समूह में अपना स्थान बरकरार रखा है। उनके साथ असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना भी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। डिफेंस में, मौजूदा कोर ग्रुप के आठ खिलाड़ियों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो ढेकाले को बरकरार रखा गया है। इस बीच, हॉकी बंगाल से अंजना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी से सुमन देवी थौदाम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्ड इकाई में वैष्णवी विठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चार नए खिलाड़ियों- हॉकी बंगाल से सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड से महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और यूपी हॉकी से पूजा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शिविर में अपनी जगह बनाई है। फॉरवर्ड में टीम ने दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान को बरकरार रखा है, जिन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। उनके साथ पांच नई आक्रामक प्रतिभाएं ओडिशा से दीपिका टोप्पो, हॉकी मध्य प्रदेश से ऋतिका सिंह, हॉकी कर्नाटक से अन्नू और चंदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र से काजल सदाशिव अटपडकर शामिल है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को 170 रन का टारगेट दिया

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**



**बेंगलुरु, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 170 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियंम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (54 रनद्ध ने अर्धशतकीय पारी खेली। जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। साई किशोर को 2 विकेट मिला। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट झटके। पारी की आखिरी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड (32 रन) को बोल्ड कर दिया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। 19वें ओवर में बेंगलुरु ने 7वां विकेट गंवाया। यहां लियम लिविंगस्टन (54 रन) को मोहम्मद सिराज ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। 18वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने राशिद खान के ओवर में 3 छक्के मारे। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट गंवाया। यहां क्रुणाल पंड्या (5 रन) को साई किशोर ने काट एंड बोल्ड किया। 14वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। राशिद खान के ओवर की दूसरी बाल पर जोस बटलर स्टंपिंग करने से चूक गए। यहां लिविंगस्टन 21 रन पर खेल रहे थे। इस ओवर की आखिरी बाल पर क्रणाल पंड्या ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। साई किशोर ने जितेश शर्मा को लान्ग आन पोजिशन पर कैच कराया।

जितेश ने 33 रन बनाए। 13वें ओवर में जितेश शर्मा और लियम लिविंगस्टन ने पांचवें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ओवर की पहली गेंद पर लिविंगस्टन ने सिंगल लिया और 50 रन की साझेदारी पूरी की। बेंगलुरु का चौथा विकेट 42 रन के स्कोर पर गिरा था। 11वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। साई किशोर के ओवर की चौथी बाल पर लिविंगस्टन ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला। लान्ग आन पर खड़े राहुल तेवतिया के पास बाल गई, लेकिन उन्होंने आसान-सा कैच छोड़ दिया।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, प्रभसिमरन ने 69 व अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए**



**लखनऊ, वार्ता।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के बाद प्रभसिमरन सिंह (69), कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 52) और नेहाल वढेरा (नाबाद 43) रनों की आतिशी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स की यह लगातार दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तार श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन को आउटकर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। पंजाब किंग्स ने 16-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 52) रन बनाए। वहीं नेहाल वढेरा ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए। इससे पहले निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही। पहले पॉवर प्ले में मेजबान टीम के तीन अहम विकेट मिचेल मार्श (0), एडन मार्करम (32) और ऋषभ पंत (2) मात्र 35 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन की राह पकड़ चुके थे। ऐसे कठिन समय में निकोलस पूरन और बडोनी ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए पिच पर टिके रहने की रणनीति अपनाई।

# उम्मीद नहीं थी अंतिम एकादश का बनूंगा हिस्सा: नेहल वढेरा



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब किंग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नेहल वढेरा को मंगलवार को मैच से पहले उम्मीद नहीं थी कि वह अंतिम एकादश में अपनी जगह बना पाएंगे। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के साथ टाटा आईपीएल 2025 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। एलएसजी को 171/7 के कुल स्कोर पर रोककर, पीबीकेएस ने केवल 16-2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। लगातार दूसरी जीत ने उन्हें अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 25 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले नेहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिस तरह से प्रभसिमरन और अय्यर बल्लेबाजी कर रहे थे, वह जबरदस्त था। वे एक ही प्रवाह के साथ आगे बढ़े और गेंद लगातार कनेक्ट होती रही और बाद में, जब मैं आया, तो मेरे मन में एक स्पष्ट विचार था कि अगर गेंद मेरी रेंज में है, तो मैं 100 प्रतिशत खेलूंगा। और अगर गेंद मेरी रेंज में नहीं है, तो मैं बस एक या दो रन लूंगा।

# कोवेंट्री का आईओसी अध्यक्ष चुना जाना सराहनीय: वोस

**लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) के अध्यक्ष इंगमार डी वोस ने मंगलवार को क्रिस्टी कोवेंट्री के नए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष के रूप में चुनाव की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया।


दो दिवसीय एफईआई फ़ोरम के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वोस ने कहा कि पहले दौर में चुनाव जीतने के लिए क्रिस्टी कोवेंट्री को बधाई, जो मुझे लगता है कि यह बाहरी दुनिया को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश देता है कि आईओसी में एक तरह की आम सहमति है। जिम्बाब्वे की ओलंपियन कोवेंट्री 20 मार्च को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में अपने चुनाव के बाद आईओसी की पहली महिला अफ्रीकी अध्यक्ष बनीं। डी वोस ने कहा कि उन्होंने मतदान से पहले कोवेंट्री के साथ व्यापक चर्चा की। हमने नए अध्यक्ष के लिए हमारी प्राथमिकताओं के बारे में बात की। वह मूल रूप से इस बात पर सहमत थीं कि ध्यान फिर से खेल पर आना चाहिए। आईओसी का मुख्य पेशा ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और हमारा मानना है कि लोगों को इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ना चाहिए। 2025 एफईआर फ़ोरम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए योग्यता प्रणाली, जंपिग, इवेंटिग, ड्राइविग और पैरा-ड्राइविग के लिए नियम अपडेट और एक रणनीतिक ड्रेसेज एक्शन प्लान सहित प्रमुख विषयों को संबोधित किया। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और पैरालिपिक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए योग्यता अवधि जर्मनी के आचेन में 2026 एफईआर विश्व चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगी। एफईआई महासचिव सबरीना इबानेज़ ने कहा कि हमने इस बारे में अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों के साथ स्पष्ट परामर्श किया है, और फिर हम इस वर्ष योग्यता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और अगले वर्ष नियमों के लिए हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों द्वारा हमारी आम सभा 2026 में में अनुमोदन किया जाएगा। 2026 तक एफईआई अध्यक्ष के रूप में अपना तीसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे डी वोस ने संगठन की स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 61 वर्षीय बेल्जियम निवासी ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एफईआई को अच्छे हाथों में छोड़ना है।

# रॉब वाल्टर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वाल्टर ने आज सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटियाज को कोचिग देना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। हालांकि अब मेरे लिए पद छोड़ने का समय आ गया है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी और और भी ऊंचाइयों को छुएगी। वाल्टर के कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरान लगातार आठ मैच जीत थे।

# रोनाल्डो ने गार्डियोला के लिए किया आग्रह

**रोनाल्डो ने राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है**



**कियारियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।

उधर, गार्डियोला ने बार-बार खुद को सेलेकाओ से जोड़ने की अटकलों का खंडन किया है। उन्होने पिछले साल नवंबर में दो साल के लिए मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि रोनाल्डो ने सीबीएफ से 54 वर्षीय गार्डियालो को न छोड़ने का आह्वान किया, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान प्रबंधकों में से एक माना जाता है। रोनाल्डो ने ब्राजील के बैंड टीवी से कहा कि मैं कोशिश करूंगा, लेकिन यह वास्तव में सीबीएफ की तुलना में बहुत तेजी से किया जाना चाहिए। मैं गार्डियोला, जॉर्ज जीसस और एबेल फेरेरा को लक्ष्य बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रेमियो के पूर्व प्रबंधक रेनाटो गौचो के नाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि यदि उनमें से कोई भी काम नहीं करता है, तो मेरे पास रेनाटो गौचो को लाने की योजना होगी, जो मुझे लगता है कि विश्व कप तक एक तत्काल समाधान प्रदान कर सकता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत आसानी से टीम के विश्वास को जीत सकते हैं और मौजूदा स्थिति को बदल सकते हैं। ब्राजील पिछले शुक्रवार से प्रबंधक के बिना है, जब विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना से टीम की 4-1 की हार के बाद डोरिवल जूनियर को बर्खास्त कर दिया गया था। पांच बार के विश्व कप विजेता वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग स्टैंडिग में चौथे स्थान पर हैं।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**



**विनीत नारायण**

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंतत: उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि( ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि( ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**



**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णत: वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णत: शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु विष्णुर्विष्णु: द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तेक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलत: 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...

**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की और हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**





**योगेश कुमार गोयल**

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलत: किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलावाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई जुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



**प्रियंका सौरभ**

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबारी होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वासन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल



**इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना**

को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचालित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, ह्इस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।



# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन



अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनकारियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अराजकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महारजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।

## अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमेरिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।

